2) बैटरी को रीचार्ज करने के लिए आपको बैटरी के बिल्कुल निचले स्तर तक पहुँचने का इंतज़ार नहीं करना चाहिए.
3) अपने LG फोन के मॉडल के लिए उपयुक्त बैटरी और चार्जर का ही उपयोग करें. LG के चार्जर बैटरी की आयु बढ़ाते हैं.
4) बैटरी को न तो खोलें और न ही शॉर्ट सर्किट करें.
5) बैटरी के धातु के सिरे साफ रखें.
6) बैटरी ठीक से काम न करे तो उसे बदल दें. बदलने की ज़रूरत पड़ने से पहले बैटरी को सैकड़ों बार चार्ज किया जा सकता है.
7) यदि बैटरी को बहुत समय से उपयोग नहीं किया गया हो तो उसकी आयु बढ़ाने के लिए उसे फिर से चार्ज करें.
8) बैटरी चार्जर को सूर्य की सीधी रोशनी में या बाथरूम जैसी नम जगहों पर न ले जाएँ.
9) बैटरी को गर्म या ठंडी जगह में न छोड़ें, इससे बैटरी की कार्यक्षमता घट सकती है.
10) उपयोग किए जाने के स्थान और तरीके के आधार पर बैटरी की आयु कम या ज़्यादा हो सकती है.
11) लंबी स्क्रीन लाइट सेटिंग्स, सेवाओं की खोज, डेटा कनेक्टिविटी, और सिंक्रनाइज़ेशन बैटरी की आयु, टॉक, और स्टैंडबाय समय को प्रभावित कर सकते हैं.

फोन को बंद और चालू करना

फोन चालू करना

1) कोई चार्ज किया हुआ बैटरी पैक लगाएँ या फोन को सिगरेट लाइटर चार्जर, कार किट या ए सी एडाप्टर से जोड़ें.

2) PWR END बटन को 2 सेकंड तक दबाएँ जब तक कि एलसीडी स्क्रीन चालू न हो जाए.

नोट किसी भी अन्य संचार उपकरण की तरह, फोन के चालू होने पर एंटीना को स्पर्श न करें.

कॉल करना

जब भी आप कॉल करें, तो इन चरणों का पालन करें :

1) सुनिश्चित करें कि फोन चालू है. यदि नहीं है तो PWR END को 2 सेकंड तक दबाए रखें.
2) फोन नंबर लिखें और CALL दबाएँ.

- यदि फोन लॉक है, तो लॉक कोड लिखें (पृष्ठ 57 देखें).

3) कॉल समाप्त करने के लिए PWR END दबाएँ.

नोट यदि आप सर्विस एरिया में नहीं हैं, तो स्क्रीन पर दिखाई देता है. सर्विस एरिया के बाहर से वॉइस कॉल करने पर, 'कॉल पूरा नहीं हो पाया है. कृपया फिर से प्रयास करें' स्क्रीन पर आता है. इसका अर्थ यह है कि आप सर्विस एरिया में नहीं हैं.

कॉल प्राप्त करना

1) जब फोन की घंटी बजे या कंपन हो (यदि कंपन मोड चालू है), तो उत्तर देने के लिए (PWR END को छोड़कर) या कॉल सेटिंग्स के आधार पर CALL दबाएँ.

- कॉल प्राप्त करते समय जब आप PWR END को एक बार दबाते हैं, तो मोड के अनुसार घंटी या कंपन बंद हो जाता है. संपर्क तोड़ने के लिए, PWR END को दो बार दबाएँ.

2) उत्तर दिए गए कॉल को समाप्त करने के लिए, PWR END दबाएँ.

संकेत की शक्ति

एंटीना पूरी तरह खुला होने पर कॉल को अच्छी तरह सुना जा सकता है. यदि आप किसी इमारत के अंदर हैं तो खिड़की के पास रहने पर आपको बेहतर रिसेप्शन मिल सकता है. आप अपने फोन के प्रदर्शन स्क्रीन पर संकेत संकेतक ( ) से संकेत की शक्ति देख सकते हैं.

एंटीना के बारे में

आपके फोन में बिल्ट-इन एंटीना है. किसी भी रेडियो संचार उपकरण की तरह ही जब फोन चालू हो तो एंटीना को अनावश्यक स्पर्श न करें.
एंटीना को स्पर्श करने से कॉल की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इससे फोन को आवश्यकता से अधिक पावर पर काम करना पड़ सकता है.
कॉल के दौरान एंटीना न छूने से आपके फोन के एंटीना की कार्य क्षमता व टॉक टाइम में बढ़ोत्तरी होती है. सामान्यत: किसी अन्य फोन की तरह ही फोन को पकड़ें.

त्वरित समायोजन

कंपन मोड समायोजित करना

किसी सार्वजनिक स्थान पर कंपन मोड का उपयोग करें.

1) स्टैंडबाय मोड में, सूची फंक्शन का उपयोग करने के बजाय * दबाकर (2 सेकंड तक) आप तुरंत कंपन मोड सक्रिय कर सकते हैं.

- कंपन मोड के सक्रिय होने पर बटन स्वर की आवाज़ नहीं आती है.

नोट कंपन मोड से बाहर निकलने के लिए, * को 2 सेकंड तक दबाएँ.

प्रोफाइल चुनें

1. स्टैंडबाय मोड में, दबाएँ.
2. चार प्रोफाइल्स- **सिर्फ कंपन**, **Silent**, **General** और **Outdoor** -में से एक चुनने के लिए दबाएँ.
3. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

स्पीकर ऑन समायोजित करना

1) स्टैंडबाय मोड में, # SPACE को 2 सेकंड तक दबाकर स्पीकर ऑन सक्रिय करें.

नोट स्पीकर ऑन रद्द करने के लिए, # SPACE को 2 सेकंड तक दबाए रखें.

बटन पैड लॉक

यह फंक्शन सेट होने पर भूल से कोई नंबर डायल होने का डर नहीं रहता.

जब यह फंक्शन सक्रिय होता है, तो कोई कॉल नहीं किया जा सकता है और सूची लॉक हो जाएगी. बटन पैड के लॉक होने पर कॉल का उत्तर दिया जा सकता है.

फंक्शन को सक्रिय करने के लिए:

1) 0 बटन को दो सेकंड तक दबाएँ.

फंक्शन को निष्क्रिय करने के लिए :

1) 0 बटन को दो सेकंड तक दबाए रखें.

कॉल प्रतीक्षा

आपकी सेल्युलर सेवा कॉल प्रतीक्षा की सुविधा उपलब्ध करवा सकती है. जब कोई कॉल चल रहा हो तो आपको आने वाली दूसरी कॉल का संकेत करने वाली दो बीप सुनाई पड़ सकती हैं. कॉल प्रतीक्षा के सक्रिय होने पर, चल रहे कॉल को होल्ड पर रखकर आप आने वाली दूसरी कॉल का उत्तर दे सकते हैं. इस सुविधा के बारे में **अपने सेवा प्रदाता** से जानकारी लें.

1) प्रतीक्षित कॉल प्राप्त करने के लिए CALL दबाएँ.
2) कॉल्स के बीच स्विच करने के लिए फिर से CALL दबाएँ.

मौन

मौन फंक्शन सक्रिय होने पर दूसरा व्यक्ति आपकी आवाज़ नहीं सुन सकता, लेकिन आप उसकी आवाज़ सुन सकते हैं.

1) कॉल करते समय सॉफ्ट बटन 1 **सूची** और 2 दबाएँ.
2) मौन रद्द करने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **सूची** और 2 फिर से दबाएँ.

कॉल रीडायल करना

1) कॉल विवरण का पिछला कॉल फिर से डायल करने के लिए दो बार CALL स्विच दबाएँ.

- आप कॉल विवरण के पिछले संग्रहीत 60 कॉल्स में से भी कोई नंबर डायल कर सकते हैं. (पृष्ठ 45 –47 पर कॉल विवरण सूची देखें)

शीघ्र डायलिंग

यह एक सुविधाजनक विकल्प है जिससे आप तुरंत और आसानी से कॉल कर सकते हैं. आपका फोन आपकी व्यक्तिगत डायरेक्टरी से फोन नंबर लाकर कुछ समय के लिए उसे दिखाता है और फिर उसे डायल करता है. सबसे ज़्यादा डायल किए जाने वाले नंबरों के एक स्पर्श डायल के लिए आप मेमोरी स्थान 1 से 9 का उपयोग कर सकते हैं.

1) मेमोरी स्थान 1 से 9 में से कोई एक लिखें.
2) CALL दबाएँ.

10 से 99 तक शीघ्र डायल करना

पहला अंक दबाएँ और फिर अंतिम अंक का बटन दबाए रखें

या

पहला और दूसरा अंक दबाएँ और CALL दबाएँ.

कॉलर आईडी

कॉलर आईडी से आपके फोन की घंटी बजने पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नंबर दिखाई देता है. यदि कॉलर का नाम और नंबर आपके फोन बुक में पहले से दर्ज है तो नंबर के साथ नाम भी दिखाई देता है. आपको **अपने सेवा प्रदाता** से पता कर लेना चाहिए कि वे यह सुविधा प्रदान करते हैं या नहीं.

T9 टेक्स्ट इनपुट मोड से जानकारी लिखना

आप T9 टेक्स्ट इनपुट से बैनर, टाइम मैनेजर, संक्षिप्त संदेश और फोन बुक संपादित कर सकते हैं.
T9 शब्द लिखने का एक आसान तरीका है. इस इनपुट पद्धति में आपको प्रत्येक अक्षर के लिए बटन को सिर्फ एक बार दबाना पड़ता है.

बटनों के कार्य

सॉफ्ट बटन 2 : स्क्रॉल करने और सूचियों में से एक मोड चुनने के लिए दबाएँ.

– आप सॉफ्ट बटन 2 का उपयोग करते हुए मोड्स में निम्न क्रम में स्क्रॉल कर सकते हैं: T9En, Abc, 123, चिन्ह, स्माईलीस, हिन्दी.
– शिफ्ट बटन * : अक्षर का केस बदलने के लिए उपयोग किया जाता है.

2 ~ 9 (शब्द लिखें): T9 मोड में, पाठ लिखने के लिए प्रति अक्षर एक बटन दबाएँ.

0 ~ 9 (अंक लिखें): 123 (अंक) मोड में, अंक लिखने के लिए एक बार दबाएँ.

0 (अगला) : T9 मोड में, अन्य मेल खाते शब्द प्रदर्शित करने के लिए दबाएँ.

1 (विराम चिन्ह): T9 मोड में, किसी शब्द में विराम चिन्ह लिखने और वाक्य पूरा करने के लिए दबाएँ.

(स्थान): शब्द पूरा करने या स्थान शामिल करने के लिए दबाएँ.

CLR (क्लीयर): एक स्थान या अक्षर मिटाने के लिए दबाएँ. सभी शब्द मिटाने के लिए दबाए रखें.

इनपुट मोड

T9 टेक्स्ट इनपुट में शब्द, अंक, विशेष अक्षर और विराम चिन्ह लिखने के लिए पाँच मोड उपलब्ध हैं.

T9En (T9) मोड

प्रत्येक वर्ण के लिए एक बार बटन दबाकर शब्द लिखें. T9 मोड डिफॉल्ट है.

ABC (मल्टी–टैप) मोड

T9 डेटाबेस में शब्द जोड़ने के लिए ABC मोड का उपयोग करें.

123 (अंक) मोड

प्रत्येक अंक के लिए एक बार बटन दबाकर अंक लिखें.
किसी शब्द प्रविष्टि फील्ड में 123 मोड बदलने के लिए, 123 मोड के प्रदर्शित होने तक सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.

चिन्ह/स्माईलीस मोड

विशेष अक्षर, विराम चिन्ह या स्माईलीस शामिल करें. आप किसी भी विशेष अक्षर का उपयोग कर सकते हैं. उस जगह कर्सर आ जाने पर जहाँ आप विशेष अक्षर चाहते हैं, प्रतीक/स्माईलीस मोड में जाएँ. इच्छित अक्षर देखने के लिए नेविगेशन बटन ◀▶ दबाएँ : अक्षर चुनने के लिए, निर्धारित अंक बटन दबाएँ.

प्रारंभिक बड़ा (T9En/Abc)

सिर्फ पहला अक्षर बड़ा होता है.

बड़ा अक्षर लॉक (T9EN/ABC)

बाद के सभी अक्षर बड़े हो जाते हैं.

छोटा केस (T9en/abc)

बाद के सभी अक्षर छोटे होते हैं.

T9 टेक्स्ट इनपुट उपयोग के उदाहरण

T9 मोड में लिखना

जब आप T9 मोड का उपयोग करना चाहें, तो जाँच लें कि T9En नीचे दिखाई दे रहा है. इच्छित शब्द लिखने के लिए प्रत्येक अक्षर के लिए प्रत्येक बटन को एक बार दबाएँ.

उदाहरण के लिए 'Call the office' इस तरह लिखें :

1. अक्षर केस को T9En मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. 2 2 5 5 दबाएँ.
3. शब्द पूरा करने और एक स्थान जोड़ने के लिए # दबाएँ.
4. 8 4 3 # 6 3 3 4 2 3 दबाएँ.
5. 'Call the office' दिखाई देगा.

जैसा कि आप देख सकते हैं, हर बार बटन दबाने पर शब्द बदल जाते हैं. इसलिए पूरा शब्द लिखने तक स्क्रीन पर क्या हो रहा है, इस पर आपको ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है.

अगले बटन का उपयोग

एक शब्द लिखने के बाद, यदि सही शब्द दिखाई नहीं देता है, तो अतिरिक्त विकल्प देखने के लिए, 0 दबाएँ.
उदाहरण के लिए, निम्न चरणों का पालन करें:

1. 4 6 6 3 दबाएँ.
2. प्रदर्शन : Good
3. 0 दबाएँ.
4. प्रदर्शन : Home, Gone, Hood...

T9 डेटाबेस में शब्द जोड़ना

यदि कोई शब्द T9 डेटाबेस में नहीं है तो इसे **Abc (मल्टी–टैप) मोड** शब्द प्रविष्टि से रिकॉर्ड में जोड़ें. जब आप T9 मोड में लौटेंगे, तब T9 डेटाबेस में वह शब्द अपने आप जुड़ जाएगा.

उदाहरण के लिए इन चरणों का पालन करें :

1. अक्षर केस को Abc (मल्टी–टैप) मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. 4 4 4 6 8 दबाएँ.
3. प्रदर्शन : Imt
4. अक्षर केस को T9 मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ और फिर शब्द Imt, T9 डेटाबेस में जुड़ जाएगा.
5. मौजूदा शब्द मिटाने के लिए CLR दबाएँ.
6. 4 6 8 दबाएँ.
7. प्रदर्शन : Got
8. 0 0 दबाएँ.
9. प्रदर्शन : Imt

ABC (मल्टी–टैप) टेक्स्ट इनपुट उपयोग के उदाहरण

ABC (मल्टी–टैप) मोड में लिखना

उदाहरण के लिए LG लिखने के लिए, इन चरणों का पालन करें:

1. अक्षर केस को ABC मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. ABC बड़ा अक्षर लॉक मोड को बदलने के लिए शिफ्ट बटन * दबाएँ.
3. दबाएँ : 5 5 5 4 .
4. प्रदर्शन : LG

हिन्दी प्रविष्टि के लिए बटन मैपिंग

हिन्दी में 13 स्वर, 36 व्यंजन और 10 मात्राएँ होती हैं.

बटनों की मैपिंग इस प्रकार है:

0 NEXT उपयोगकर्ता डेटाबेस शब्दों का चयन.

1 @ अ अ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ ऑ

A Aa I Ii U Uu R E Ai O Au Awe

2 ABC क क ख ग घ ङ

Ka Kha Ga Gha Nga

3 DEF च च छ ज झ ञ

Cha Chha Ja Jha Nya

4 GHI ट ट ठ ड ढ ण

Tta Ttha Dda Ddha Nna

5 JKL त त थ द ध न

Ta Tha Da Dha Na

6 MNO प प फ ब भ म

Pa Pha Ba Bha Ma

7 PQRS य य र ल व श ष स ह

Ya Ra La Va Sha Sha Sa Ha

8 TUV क्ष क्ष त्र ज्ञ

Ksha Tra Gya

9 WXYZ ा ि ी ु ू े ै ो ौ ं ः ँ ् ृ

Aa I Ee U Uu E Ai O Au An Ah Ch Bindu Ch E Ch O Ri

हलंत (आधा अक्षर) भी 9 WXYZ में जोड़ा गया है.

हिन्दी मोड में संपादन

सॉफ्ट बटन 2 को तब तक दबाए रखें, जब तक कि सॉफ्ट सूची हिन्दी मोड में न बदल जाए.

हिन्दी मोड संपादन

हिन्दी एक बहु-टैप मोड है.

उदारण के लिए, **''हिन्दी''** लिखने के लिए

1. 9 WXYZ 2 बार दबाएँ.
2. 7 PQRS 8 बार दबाएँ.
3. 5 JKL 5 बार दबाएँ.
4. 9 WXYZ 16 बार दबाएँ.
5. 5 JKL 3 बार दबाएँ.
6. 9 WXYZ 3 बार दबाएँ.

बाइट का वितरण :

संदेशों में : हिन्दी में प्रत्येक वर्ण में 3 बाइट्स होते हैं, जबकि 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' में 9 बाइट्स होते है.

अन्य सभी मॉड्यूल्स में : हिन्दी में प्रत्येक वर्ण के लिए 1 बाइट होता है, जबकि 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' के लिए 3 बाइट्स होते हैं.

यूडीबी : (हिन्दी शब्दकोश)

संदेश : संदेशों में लिखा गया प्रत्येक शब्द हिन्दी शब्दकोश में अपने आप संग्रहीत हो जाएगा. शब्दकोश में लगभग 100 शब्द संग्रहीत किए जा सकते हैं. 101वाँ शब्द अंतिम शब्द की जगह ले लेगा. इसलिए एफआईएफओ फॉर्मेट का प्रयोग किया जाता है.

हिन्दी यूडीबी में कोई शब्द संग्रहीत करने के लिए

पहले बताए अनुसार **''हिन्दी''** शब्द दबाएँ.
स्थान दबाएँ. शब्द संग्रहीत हो जाता है.

शब्द पुनर्प्राप्त करने के लिए :

शब्द का पहला अक्षर दबाएँ, उदाहरण के लिए 9 दो बार दबाएँ.
यूडीबी स्थान में शब्द ''हिन्दी'' दिखाई देता है.
यदि एक ही अक्षर से कई शब्द प्रारंभ होते हैं, तो 0 बटन का उपयोग करके आवश्यक शब्द चुना जा सकता है.
आवश्यक शब्द चुने जाने के बाद, * दबाएँ. संपादक में शब्द जुड़ जाएगा.

अध्याय 3 फोन बुक

फोन बुक की सुविधाएँ

अपने फोन बुक में आप आसान पहुँच के लिए सबसे ज़्यादा डायल किए जाने वाले 300 (4 नंबर + 1 ईमेल आई डी + 1 मेमो) फोन नंबर रख सकते हैं.

व्यक्तिगत फोन बुक मेमोरी

फोन में 300 फोन नंबर सुरक्षित रखने के लिए जगह है जहाँ आप 32 अंकों वाले 4 फोन नंबर तक रख सकते हैं.

आपके व्यक्तिगत फोन बुक में नंबर सुरक्षित करना

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 1 **नाम जोड़ें** चुनें.
4. फोन नंबर जोड़ें.
5. से विंडो चुनें.
6. से अपना इच्छित लेबल प्रकार जैसे **घर, ऑफिस, मोबाइल, अन्य** चुनें.
7. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
8. फोन नंबर के लिए नाम दर्ज करें (16 अक्षरों तक). सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.
9. से **घर/ऑफिस/मोबाइल/अन्य** चुनने के बाद, नंबर बटन से फोन नंबर दर्ज करें.

10. **शीघ्र डायल** देने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **शीघ्र डायल** चुनें. नंबर बटन से, **शीघ्र डायल करें** या से कोई इच्छित **शीघ्र डायल** चुनें. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** से निर्धारित चुनें. संग्रहीत शीघ्र डायल चुना जाने पर, **बदलें** दिखाई देता है.
11. दबाकर **ई–मेल** चुनने के बाद, बटन पैड का उपयोग करके ई–मेल पता लिखें.
12. ई–मेल पता लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर **सुरक्षित** चुनें. **डोमेन्स** चुनें और ई–मेल पता लिखें.
13. दबाकर **कोई ग्रुप नहीं** चुनने के बाद, से इच्छित ग्रुप चुनें.
14. से **मेमो** चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 विकल्प दबाकर संपादन चुनें. मेमो लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.
15. दबाकर रिंग स्वर चुनने के बाद, से इच्छित रिंग स्वर चुनें.
16. दबाकर **सीक्रेट ऑफ** चुनने के बाद, से **सीक्रेट ऑफ/सीक्रेट ऑन** चुनें. जब **सीक्रेट ऑन** सेट हो, तो आपको इसे देखने के लिए पासवर्ड देना चाहिए.
17. सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

नाम खोजें

नाम से कोई फोन नंबर खोजने के लिए.

1. सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.
2. **फोन बुक** में सुरक्षित नाम वर्ण के प्रकार, कैपिटल या स्मॉल पर ध्यान दिए बगैर वर्णमाला के क्रम में दिखाई देंगे.
   इच्छित फोन नंबर देखने के लिए, का उपयोग करके फोन नंबर तक जाकर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें** चुनें.

नंबर से खोजें

फोन बुक में आपके द्वारा संग्रहीत फोन नंबर खोजने के लिए.

1. सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **नंबर खोजें** चुनें.
3. प्रदर्शन आपको स्क्रीन पर नंबर डालने की सूचना देगा.

ग्रुप खोजें

ग्रुप से कोई फोन नंबर खोजने के लिए.

1. सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **ग्रुप खोजें** चुनें.
3. से ग्रुप चुनें.

फोन बुक में संग्रहीत जानकारी बदलना

1. सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.
2. आप खोज स्ट्रिंग लिखकर सही समय में फोन बुक में सुरक्षित फोन नंबर देख सकते हैं.
   यदि आप का उपयोग करके इच्छित नाम तक जाते हैं और सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाते हैं और देखें चुनते हैं तो आप **फोन बुक** सूची **देख** सकते हैं.
   प्रविष्टि मिटाने या संपादित करने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   का उपयोग करके डेटा स्क्रॉल करने के बाद **संपादन** चुनें.

विकल्पों के साथ एक उपसूची स्क्रीन पर दिखाई देगी:

संपादन :	उस मेमोरी स्थान पर जानकारी संपादित करता है.
संदेश भेजें :	संदेश भेजता है.
मेरा संपर्क भेजें :	उस मेमोरी स्थान में जानकारी भेजता है.
मिटाएँ :	उस मेमोरी स्थान में मौजूद सभी जानकारी मिटाता है.

फोन बुक से कॉल करना

आप शीघ्र डायल का उपयोग करके या फोन नंबर लिखकर CALL दबाकर किसी भी मेमोरी स्थान से कॉल कर सकते हैं.

एक स्पर्श शीघ्र डायलिंग : इस सुविधा से आप सबसे ज़्यादा कॉल किए जाने वाले नौ नंबर अपनी शीघ्र डायल मेमोरी स्थान (1 से 9) में संग्रहीत कर सकते हैं.

- स्थान 1 से 9 के लिए, आप डायल किए जाने वाले मेमोरी स्थान से संबंधित बटन को दबाए रखते हुए एक स्पर्श डायल कर सकते हैं.

  या

- एक अंक दबाएँ, और फिर CALL दबाएँ.

दो स्पर्श शीघ्र डायलिंग : इस सुविधा से आप दो नंबर दबाकर (10 से 99 स्थानों के लिए) शीघ्र डायल कर सकते हैं.

1. पहला अंक दबाएँ.
2. दूसरे अंक वाला बटन दबाए रखें.

   या

1. पहला और दूसरा अंक दबाएँ, और फिर CALL दबाएँ.

नोट: शीघ्र डायलिंग करने के लिए, पहले आपको फोन बुक से एक नंबर शीघ्र डायल स्थान के लिए निर्धारित करना होगा.

मेमोरी सूची से डायल करना

1. खोजें चुनें, इच्छित मेमोरी स्थान पर जाने के लिए स्क्रॉल बटन दबाएँ.
2. CALL दबाएँ.

किसी मेमोरी स्थान से डायल करना

कोई मेमोरी स्थान देखते समय, कॉल करने के लिए CALL दबाएँ.

सूची तक पहुँचने और सेटिंग्स के सामान्य दिशानिर्देश

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ. प्रदर्शन स्क्रीन पर आठ सूची आइटम दिखाई देंगे.
2. सूची सुविधाओं की सूची देखने के लिए ⟐ दबाएँ.
3. जो सूची आइटम आप चुनना चाहते हैं, उससे संबंधित अंक दबाएँ. तब स्क्रीन पर उपसूची दिखाई देगी.
4. इच्छित उपसूची तक पहुँचने के लिए उपयुक्त बटन दबाएँ.
5. ⟐ का उपयोग करके पसंदीदा सेटिंग्स चुनें. सूची तक पहुँचते या सेटिंग्स चुनते समय एक स्तर पीछे जाने के लिए सॉफ्ट बटन 2 **वापस** दबाएँ.
6. सेटिंग्स सुरक्षित करने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **ओके** दबाएँ या बिना सुरक्षित किए रद्द करने के लिए सॉफ्ट बटन 2 **वापस** दबाएँ.

नाम (सूची 1@अ)

व्यक्तिगत फोन बुक मेमोरी

फोन में 300 फोन नंबर सुरक्षित रखने के लिए जगह है जहाँ आप 32 अंकों वाले 4 फोन नंबर तक रख सकते हैं.

नाम जोड़ें (सूची 1@अ 1@अ)

आप 300 प्रविष्टियों तक फोन नंबर, मोबाइल नंबर और इसी प्रकार अन्य सुरक्षित कर सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1@अ **नाम** चुनें.
3. 1@अ **नाम जोड़ें** चुनें.
4. फोन नंबर लिखें.
5. ⌄ से लेबल विंडो चुनें.
6. ⟐ से इच्छित लेबल प्रकार चुनें, जैसे **घर, ऑफिस, मोबाइल, अन्य**.
7. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
8. फोन नंबर के लिए कोई नाम लिखें (16 वर्णों तक). सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.
9. और नंबर सुरक्षित करने के लिए, ⟐ से **घर/ऑफिस/मोबाइल/अन्य** चुनने के बाद, अंक बटन से फोन नंबर लिखें.
10. **शीघ्र डायल** देने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **शीघ्र डायल** चुनें. अंक बटन से, **शीघ्र डायल** लिखें या ⟐ से कोई इच्छित **शीघ्र डायल** चुनें. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** से **निर्धारित** चुनें. संग्रहीत शीघ्र डायल चुना जाने पर, **बदलें** दिखाई देता है.
11. ⌄ दबाकर **ई–मेल** चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर **संपादन** चुनें.
12. ई–मेल पता लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर **सुरक्षित** चुनें. **डोमेन्स** चुनें और ई–मेल पता लिखें.
13. ⌄ दबाकर **कोई ग्रुप नहीं** चुनने के बाद, ⟐ का उपयोग करके इच्छित ग्रुप चुनें
14. ⌄ से **मेमो** चुनने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर **संपादन** चुनें. मेमो लिखने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

15. दबाकर रिंग स्वर चुनने के बाद, का उपयोग करके इच्छित रिंग स्वर चुनें.
16. दबाकर **सीक्रेट ऑफ** चुनने के बाद, से **सीक्रेट ऑफ/सीक्रेट ऑन** चुनें. जब **सीक्रेट ऑन** सेट हो, तो आपको इसे देखने के लिए पासवर्ड देना चाहिए.
17. सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

खोजें (सूची 1@अ 2ABC आ या सॉफ्ट बटन 2 खोजें)

फोन बुक में संग्रहीत फोन नंबर खोजने के लिए.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1@अ **नाम** चुनें.
3. 2ABC आ **खोजें** चुनें.
4. **फोन बुक** में सुरक्षित नाम वर्ण के प्रकार, कैपिटल या स्मॉल पर ध्यान दिए बगैर वर्णमाला के क्रम में दिखाई देंगे.
   इच्छित फोन नंबर देखने के लिए, का उपयोग करके फोन नंबर तक जाकर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें** चुनें.

ग्रुप (सूची 1@अ 3DEF द)

यह फंक्शन ग्रुप का नाम बदलने और ग्रुप के लिए रिंग स्वर सेट करने के लिए है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1@अ **नाम** चुनें.
3. 3DEF द **ग्रुप** चुनें.
4. का उपयोग करके इच्छित ग्रुप चुनें.

5. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.

सदस्य देखें :	ग्रुप में सुरक्षित सदस्यों के नाम देखें.
रिंग स्वर सेट करें :	ग्रुप रिंग स्वर सेट करें.
शीर्षक संपादन :	ग्रुप का नाम संपादित करें.

नोट : **कोई ग्रुप नहीं** का शीर्षक नहीं बदला जा सकता.

शीघ्र डायल (सूची 1@अ 4GHI ट)

शीघ्र डायल से आप केवल एक संबंधित अंक दबाकर शीघ्रता से कॉल कर सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1@अ **नाम** चुनें.
3. 4GHI ट **शीघ्र डायल** चुनें.
4. रजिस्टर करने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** का उपयोग करें और इच्छित जानकारी खोजने के लिए **निर्धारित** चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **निर्धारित** चुनें.

नोट : मिटाने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **मिटाएँ** चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
सभी संग्रहीत शीघ्र डायल मिटाने के लिए **सब मिटाएँ** चुनें.
किसी विशेष स्थान के लिए निर्धारित अंक बदलने के लिए **बदलें** चुनें.
शीघ्र डायल 01 से 99 तक है.

सहायता (सूची 1@अ 5JKL त)

आप इस सूची के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

संदेश (सूची 2 या)

आपके पावर चालू करते ही शब्द संदेश, पृष्ठ और वॉइस मेलबॉक्स उपलब्ध हो जाते हैं. आप उपरोक्त प्रकार के संदेशों तक संदेश बटन का उपयोग करके पहुँच सकते हैं.

इसके अलावा, आप संदेश देखते समय CALL दबाकर उस नंबर पर कॉल कर सकते हैं.

फोन में 31 संदेश (एक वॉइस संदेश : 30 शब्द संदेश) संग्रहीत हो सकते हैं जिसमें प्रत्येक संदेश में 140 वर्ण हो सकते हैं. हिन्दी में प्रत्येक अक्षर को तीन वर्ण माना जाता है (हालाँकि, क्ष, त्र, ज्ञ में से प्रत्येक को 9 वर्ण का माना जाता है.)

इसलिए, हिन्दी के किसी SMS संदेश में केवल 46 वर्ण तक हो सकते हैं.

उपयोगकर्ता भेजते समय, भेजे गए में सुरक्षित संदेश पढ़ और संपादित कर सकते हैं, और उन्हें भेज सकते हैं.

हालाँकि आपको यह देखना चाहिए कि आपका सेवा प्रदाता उपरोक्त सुविधाएँ प्रदान करता है या नहीं.

अक्षर सीमा : LG –RD5130 प्रति संदेश 140 अक्षर लेता है. प्रति संदेश उपलब्ध बाइट्स की सीमा भी हो सकती है; कृपया सिस्टम क्षमताओं के लिए **अपने सेवा प्रदाता** से संपर्क करें.

संदेश में संग्रहीत जानकारी फोन मोड और सेवा क्षमता द्वारा निर्धारित की जाती है. आप संदेश बटन दबाकर संदेश प्रकार देख सकते हैं.

लिखें (सूची 2 1)

शब्द संदेश और पृष्ठ संदेश सभी उपलब्ध हैं.

शब्द संदेश : शब्द भेजता है.

पृष्ठ संदेश : बिना शब्द संदेश के केवल अंक.

संदेश भेजने के लिए **विकल्प** में **भेजें** दबाएँ.

कोई **संदेश** भेजने के लिए **को भेजें** स्क्रीन में गंतव्य मोबाइल नंबर लिखें.

सूची

इसमें तीन वैकल्पिक सूचियाँ **भेजें**, **सुरक्षित** और **टेम्प्लेट्स** होती हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 1 **लिखें** चुनें.
3. **भेजें** चुनकर भेजा जाने वाला संदेश लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **सुरक्षित** ड्राफ्ट संदेश में सुरक्षित करें.
   - ▶ **टेम्प्लेट्स** कोई नमूने का संदेश चुनें.
4. गंतव्य फोन नंबर लिखने के बाद, दबाकर अगले प्राप्तकर्ता का पता लिखें. आप 10 प्राप्तकर्ता तक जोड़ सकते हैं. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **प्राथमिकता** आप संदेश को प्राथमिकता दे सकते हैं. सामान्य या अति आवश्यक.
   - ▶ **भेज दिया गया** भेजे गए संदेश के दूसरे पक्ष के फोन पर प्राप्त होते समय इस फंक्शन से आप

पता कर सकते हैं कि आपका संदेश दूसरे पक्ष को सफलतापूर्वक भेज दिया गया है या नहीं. यदि आप यह फंक्शन सक्रिय करना चाहते हैं, तो ऑन सेट करें.

- **विलंबित** आपको सेट की गई समय सीमा तक संदेश भेजना विलंबित करने की सुविधा देता है.
- **वैधता** कुछ समय तक गंतव्य पते को संदेश न भेजे जाने पर संक्षिप्त संदेश केन्द्र (SMC) पर संदेश भेजने की वैधता दिखाता है. ये संदेश सेट की गई समय सीमा में मिटा दिए जाएँगे. वैधता समय सीमाएँ निम्न प्रकार हैं: **पूर्व नियत**, 30 मिनट, 1 घंटा, 2 घंटे, 12 घंटे, 1 दिन और 2 दिन.
- **भेजे गए सुरक्षित** आप यह संदेश आउटबॉक्स में सुरक्षित कर सकते हैं.

5. यदि आप **भेजें** चुनते हैं, तो यह आपको दिखाता है कि संदेश सफलतापूर्वक भेज दिया गया है या नहीं.

इनबॉक्स (सूची 2 2)

प्राप्त संदेश, पृष्ठ संदेश, भेज दिया गया, R वर्ल्ड संदेश, सूचियाँ खोजी जा सकती हैं और सामग्री देखी जा सकती है. प्राप्त संदेश अति आवश्यक संदेश, अपठित संदेश और पढ़े हुए संदेशों के क्रम में संक्षिप्त किए जा सकते हैं. 30 संदेशों तक संग्रहीत किए जा सकते हैं. प्राप्त संदेशों की सूची देखने के लिए.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 2 **इनबॉक्स** चुनें.
   - संदेश **नहीं पढ़े हुए/पढ़े** के क्रम में सुरक्षित किए जाते हैं. उदाहरण के लिए, यदि कोई नया संदेश पढ़ लिया जाता है तो यह पढ़े संदेशों में चला जाता है.

   : नहीं पढ़े हुए

   : पढ़े

   : R वर्ल्ड संदेश
3. के साथ इच्छित संदेश चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें** चुनें.
   - **देखें** आप चुना हुआ संदेश पढ़ सकते हैं.
   - **मिटाएँ** इनबॉक्स से चयनित संदेश हटाएँ.
   - **जवाब** इस फंक्शन से आप संदेश का जवाब दे सकते हैं.
4. संदेश देखने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.

- **जवाब** इस फंक्शन से आप इस संदेश का उत्तर दे सकते हैं.
- **फॉरवर्ड** किसी प्राप्त संदेश को दूसरों को फॉरवर्ड करता है. प्राप्तकर्ता लिखे जाने के बाद संदेश फॉरवर्ड किए जा सकते हैं.
- **संग्रह में डालें** चयनित संदेश को इनबॉक्स से संग्रह में ले जाता है.
- **मिटाएँ** इनबॉक्स से चयनित संदेश मिटाता है.
- **नंबर सुरक्षित** संदेश प्रेषक के नंबर को आपकी फोन बुक में सुरक्षित करता है. जब प्राप्त नंबर जानकारी प्रदर्शित की जाती है, तो उपयोगकर्ता फोन बुक में संबंधित नंबर सूची में नंबर संग्रहीत कर सकता है.

आउटबॉक्स (सूची 2 3)

आउटबॉक्स में भेजे गए 15 और न भेजे गए 15 संदेश तक संग्रहीत किए जा सकते हैं.

उपयोगकर्ता इस सूची में भेजे गए या न भेजे गए संदेशों की सूची और सामग्री देख सकते हैं. आउटबॉक्स में कोई संदेश सुरक्षित करने के लिए 'संदेश सेटिंग्स' में 'भेजे गए सुरक्षित' चयनित होना चाहिए.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 3 **आउटबॉक्स** चुनें.
3. 1 **भेजे हुए** या 2 **नहीं भेजे हुए** चुनें.
4. से इच्छित संदेश चुनने के बाद; सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. यदि आप भेजा हुआ संदेश चुनते हैं, तो स्क्रीन पर **देखें/मिटाएँ/फॉरवर्ड** दिखाई देता है.

- **देखें** हाल में सुरक्षित किया गया संदेश दिखाता है. देखें सूची में दो उपसूचियाँ **फॉरवर्ड** और **मिटाएँ** होती हैं.
- **मिटाएँ** आउटबॉक्स में चयनित संदेश मिटाएँ.
- **फॉरवर्ड** आप प्राप्त संदेश को संशोधित कर सकते हैं. फिर संदेश लिखें प्रक्रिया का अनुसरण करें (पृष्ठ 37 देखें).

वॉइस मेल (सूची 2 4)

इससे आप वॉइस मेल बॉक्स में रिकॉर्ड किया गया नया वॉइस संदेश देख सकते हैं. जब आप संग्रह सीमा से बाहर निकल जाते हैं, तो पुराने संदेश अधिलेखित कर दिए जाते हैं. आपके फोन में कोई नया वॉइस संदेश आने पर आपको सूचना दी जाएगी.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 4 **वॉइस मेल** चुनें.
   - जानकारी मिटाने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और फिर **सुनें**, **मिटाएँ** चुनें.

यदि किसी कॉल का जवाब देते समय कोई नया संदेश आता है, तो प्रेषक का नंबर स्क्रीन पर दिखाया जाएगा.

संग्रह (सूची 2 5)

प्राप्त संदेशों में से आपकी पसंद के संदेश संग्रह में संग्रहीत किए जाते हैं (30 संदेश).

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 5 **संग्रह** चुनें.
3. से इच्छित संदेश चुनने के बाद,

सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. यदि आप संदेश चुनते हैं तो स्क्रीन पर **देखें/मिटाएँ/फॉरवर्ड** दिखाई देता है.

- **देखें** तीन मुख्य सूचियाँ होती हैं फॉरवर्ड, जवाब, मिटाएँ और नंबर सुरक्षित.
- **मिटाएँ** चयनित संदेश मिटाता है.
- **फॉरवर्ड** आप प्राप्त संदेश को संशोधित कर सकते हैं. फिर **संदेश लिखें** प्रक्रिया का अनुसरण करें (पृष्ठ 37 देखें).

ड्राफ्ट्स *(सूची 2 6)*

शब्द संदेश ड्राफ्ट में सुरक्षित हो जाता है. ड्राफ्ट में 30 संदेश तक सुरक्षित किए जा सकते हैं. कोई संदेश लिखते समय कोई कॉल आता है, तो संदेश अपने आप सुरक्षित हो जाता है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 6 **ड्राफ्ट्स** चुनें.
3. से इच्छित संदेश चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. यदि आप संदेश चुनते हैं, तो स्क्रीन पर **देखें/मिटाएँ** दिखाई देते हैं.
   - **देखें** इसमें चार सूचियाँ **भेजें, सुरक्षित, टेम्प्लेट्स** और **मिटाएँ** होती हैं.
   - **मिटाएँ** चयनित संदेश मिटाता है.

टेम्प्लेट्स *(सूची 2 7)*

टेम्प्लेट्स में 10 पूर्वपरिभाषित वाक्यांश शामिल हैं. आप 20 और टेम्प्लेट्स जोड़ सकते हैं. कुल 30 टेम्प्लेट्स सुरक्षित किए जा सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 7 **टेम्प्लेट्स** चुनें.
3. से इच्छित संदेश चुनने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. यदि आप संदेश चुनते हैं तो स्क्रीन पर **देखें/जोड़ें** दिखाई देता है.
   - **देखें** इसमें दो सूचियाँ **भेजें** और **सुरक्षित** होती हैं.
   - **जोड़ें** आप टेम्प्लेट्स सूची में नए टेम्प्लेट्स संदेश जोड़ सकते हैं.

संदेश मिटाएँ *(सूची 2 8)*

जब आप शब्द संदेश सूची स्क्रीन से 8 **संदेश मिटाएँ** चुनते हैं तो शब्द संदेश और पृष्ठ मिट जाते हैं.

इनबॉक्स (सूची 2 8 1)

इससे आप प्राप्त शब्द संदेश, पृष्ठ संदेश, भेज दिया गया संदेश मिटा सकते हैं.

आउटबॉक्स (सूची 2 8 2)

आउटबॉक्स में सुरक्षित सभी संदेश मिटा सकते हैं.

संग्रह (सूची 2 8 3)

संग्रह में सुरक्षित सभी संदेश मिटा सकते हैं.

ड्राफ्टस (सूची 2 8 4)

ड्राफ्ट में सुरक्षित सभी संदेश मिटा सकते हैं.

सभी संदेश (सूची 2 8 5)

सभी संदेश मिटा सकते हैं.

संदेश सेटिंग्स (सूची 2 9)

नए संदेश प्राप्त करने के लिए **प्राथमिकता, भेज दिया गया, विलंबित डेलिवरी, वैधता समय, भेजे गए सुरक्षित** और **इनबॉक्स स्वत: मिटाएँ** कॉन्फिगर किए जा सकते हैं.

प्राथमिकता (सूची 2 9 1)
संदेश भेजते समय, सामान्य या अति आवश्यक चुनें.

भेज दिया गया (सूची 2 9 2)
आप अपने संदेश के साथ पावती जोड़ सकते हैं.

विलंबित डेलिवरी (सूची 2 9 3)
आप सेट की गई समय सीमा तक संदेश का प्रेषण विलंबित कर सकते हैं.

वैधता समय (सूची 2 9 4)
कुछ समय तक गंतव्य पते पर न भेजे जाने पर संक्षिप्त संदेश केन्द्र (SMC) पर संदेश प्रेषण की वैधता बताता है.

भेजे गए सुरक्षित (सूची 2 9 5)
यदि यह सुविधा चालू होती है, तो भेजते समय संदेश अपने आप आउटबॉक्स में सुरक्षित हो जाते हैं.

इनबॉक्स स्वत: मिटाएँ (सूची 2 9 6)
जब यह सुविधा चालू होती है, तो संग्रह सीमा पार करने पर आपके पुराने संदेश स्वत: मिटा दिए जाते हैं.

सहायता (सूची 2 0)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

कॉल विवरण (सूची 3)

आप 60 हाल के (छूटी हुई+प्राप्त हुए+डायल किये गए) फोन कॉल्स देख सकते हैं. जब आप (कुल) 60 नंबरों की संग्रह सीमा पार कर जाते हैं, तो सबसे पुराना कॉल विवरण अधिलेखित कर दिया जाता है. ये कॉल्स चार प्रकारों में विभाजित हैं.

नोट आप दो तरह से कॉल विवरण देख सकते हैं.

- निष्क्रिय मोड में CALL बटन दबाकर, जिसमें छूटी हुई, प्राप्त हुआ और डायल किये हुए सहित हाल के 60 तक कॉल दिखाए जाते हैं.
- कॉल विवरण सूची में, जहाँ छूटी हुई, डायल किये हुए, प्राप्त हुआ, और कॉल मेमो में के तहत 60 नंबर सूचीबद्ध होते हैं.
- कॉल मेमो में अधिकतर 5 नंबर होते हैं.

कॉल विवरण से कोई कॉल करना

1. कॉल विवरण सूची से, **छूटी हुई, प्राप्त हुआ, डायल किये हुए** या **कॉल मेमो में** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
2. इच्छित प्रविष्टि चुनने और जोड़ने के लिए CALL दबाकर कॉल करें.

छूटी हुई (सूची 3 1)

आप सभी छूटी हुई कॉल्स की सूची देख सकते हैं.
अधिकतम (छूटी हुई+प्राप्त हुआ +डायल किये हुए+कॉल मेमो में) 60 नंबर आ सकते हैं.

1. **कॉल विवरण** सूची से, 1 **छूटी हुई** चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. स्क्रीन पर **देखें/संदेश भेजें/सुरक्षित/मिटाएँ** दिखाई देते हैं.
3. आप CALL दबाकर कोई कॉल कर सकते हैं.

प्राप्त हुआ (सूची 3 2)

आप सभी प्राप्त कॉल्स की सूची देख सकते हैं.

अधिकतम 60 (छूटी हुई+प्राप्त हुआ+डायल किये हुए+कॉल मेमो में) नंबर आ सकते हैं.

1. **कॉल विवरण** सूची से, 2 **प्राप्त हुआ** चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. स्क्रीन पर **देखें/संदेश भेजें/सुरक्षित/मिटाएँ** दिखाई देते हैं.
3. आप CALL दबाकर कॉल कर सकते हैं.

डायल किये हुए (सूची 3 3)

आप सभी डायल किए गए कॉल्स देख सकते हैं.

अधिकतम 60 (छूटी हुई+प्राप्त हुआ+डायल किये हुए+कॉल मेमो में) नंबर आ सकते हैं.

1. **कॉल विवरण** सूची से, 3 **डायल किये हुए** चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. स्क्रीन पर **देखें/संदेश भेजें/सुरक्षित/मिटाएँ** दिखाई देते हैं.
3. आप CALL दबाकर कॉल कर सकते हैं.

कॉल मेमो में (सूची 3 4)

बातचीत के दौरान आए फोन नंबर सुरक्षित हो जाते हैं और वर्तमान नंबरों की सूची कॉल मेमो में देख सकते हैं.

अधिकतम 5 नंबर आ सकते हैं.

1. **कॉल विवरण** सूची से, 4 **कॉल मेमो में** चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ. स्क्रीन पर **देखें/संदेश भेजें/सुरक्षित/मिटाएँ** दिखाई देते हैं.
3. आप CALL दबाकर कॉल कर सकते हैं.

कॉल अवधि (सूची 3 5)

1. अंतिम डायल कॉल (सूची 3 5 1)
   इसमें अंतिम डायल की गई कॉल के बारे में जानकारी संग्रहीत होगी और यह अंतिम डायल किया गया नंबर भी दिखाएगा.
2. सब डायल कॉल (सूची 3 5 2)
   यह डायल किए गए सभी कॉल्स की संख्या और डायल कॉल्स की कुल अवधि दिखाता है.
3. सब कॉल (सूची 3 5 3)
   सभी कॉल करने, डायल करने और प्राप्त करने के समय की गणना करता है.
4. कॉल अवधि पुन: सेट करें (सूची 3 5 4)
   काउंटर रीसेट करने के लिए, का उपयोग करके हाँ चुनें और फिर सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

डेटा विवरण (सूची 3 6)

1. **कॉल विवरण** सूची से, 6 **डेटा विवरण** चुनें.
2. PWR END दबाएँ.

विवरण मिटाएँ (सूची 3 7)

1. **कॉल विवरण** सूची से, 7 **विवरण मिटाएँ** चुनें.
2. से मिटाया जाने वाला आइटम चुनें.
3. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
4. से हाँ चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

सहायता (सूची 3 8)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

प्रोफाइल्स (सूची 4)

प्रोफाइल्स से आप अपने फोन की ध्वनि सेटिंग्स अपने वातावरण के अनुसार कर सकते हैं. प्रत्येक प्रोफाइल में आपके फोन के लिए रिंग प्रकार, रिंग स्वर, रिंग वॉल्यूम, ईयरपीस वॉल्यूम, बटन वॉल्यूम और संदेश सचेतक होता है. आपके वर्तमान वातावरण के अनुसार प्रोफाइल चुनें: **सिर्फ कंपन, Silent, General** या **Outdoor**.

आप प्रत्येक प्रोफाइल की सेटिंग्स संशोधित कर सकते हैं, और (**सिर्फ कंपन** प्रोफाइल को छोड़कर) आप उनका नाम बदल सकते हैं (**सिर्फ कंपन, हेडसेट** और **कार किट** प्रोफाइल को छोड़कर).

प्रोफाइल्स चुनें

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ और 4 या तुरंत दबाएँ.
2. से चार प्रोफाइल्स **सिर्फ कंपन, Silent, General** और **Outdoor** में से कोई एक चुनें.
3. तब सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और फिर **सेट करें** चुनें.

नोट **हेडसेट** या **कार किट** प्रोफाइल मोबाइल फोन में हेडसेट या कार किट स्थापित होने पर अपने आप सेट हो जाती हैं.

नोट स्टैंडबाय मोड में, **सिर्फ कंपन** चुनने के लिए लंबा दबाएँ. पिछली प्रोफाइल में वापस जाने के लिए एक बार पुन: लंबा दबाएँ.

प्रोफाइल्स का नाम बदलें

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** और 4 दबाएँ.
2. से **Silent**, **General** या **Outdoor** चुनें.
3. फिर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और तब **नाम बदलें** चुनें.
4. प्रोफाइल्स के लिए कोई नाम लिखें (16 वर्णों तक).
5. फिर सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

नोट आप सिर्फ कंपन, हेडसेट और कार किट प्रोफाइल्स का नाम नहीं बदल सकते.

प्रोफाइल्स अनुकूलित करें

सिर्फ कंपन को छोड़कर आप कोई भी प्रोफाइल अनुकूलित कर सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** और 4 दबाएँ.
2. जो प्रोफाइल आप अनुकूलित करना चाहते हैं, उसे स्क्रॉल करें और सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और फिर **संपादन** चुनें.
3. निम्न तालिका में प्रत्येक विकल्प देखने के लिए स्क्रॉल बटनों का उपयोग करें:

रिंग प्रकार	रिंग स्वर की शैली चुनें (रिंग, कंपन, कंपन और रिंग, कंपन के बाद रिंग, मौन, लाइट).
रिंग स्वर	आने वाली कॉल्स के लिए R वर्ल्ड से 19 एम्बेडेड + 3 डाउनलोड किए जा सकने वाले रिंग स्वर चुनें.
रिंग वॉल्यूम	अपने रिंग स्वर का वॉल्यूम सेट करें. -मौन, 1~7 स्तर
इयरपीस वॉल्यूम	कॉल के दौरान वॉल्यूम सेट करें. 1~7 स्तर
बटन वॉल्यूम	आपके बटन पैड स्वर का वॉल्यूम सेट करें (या उन्हें बंद करें) - मौन, 1 ~7 स्तर
संदेश सचेतक	प्राप्त संदेशों के लिए स्वर चुनें (सचेतक प्रकार, सचेतक स्वर और संदेश रिमाइंडर).

नोट
- रिंग स्वर R वर्ल्ड से डाउनलोड किए जा सकते हैं. 19 रिंग स्वर + 3 R वर्ल्ड रिंग स्वर
- जब **रिंग प्रकार कंपन, मौन** और **लाइट** होता है तो **रिंग वॉल्यूम** समायोजित नहीं किया जा सकता. 'रिंग प्रकार बदलें' दिखाया जाता है. वर्तमान प्रकार को **रिंग प्रकार** में बदलने के बाद, **रिंग वॉल्यूम** समायोजित करें.
- जब **हेडसेट** और **कार किट** प्रोफाइल्स में सॉफ्ट बटन 1 **संपादन** दबाया जाता है, तो **स्वत: उत्तर** अतिरिक्त रूप से दिखाया जाता है. [⇕] का उपयोग करके **ऑफ**, **5 सेकण्ड के बाद** या **10 सेकण्ड के बाद** चुनें.
- आप **सिर्फ कंपन** प्रोफाइल को अनुकूलित नहीं कर सकते.
- कोई नया संदेश प्राप्त होने पर आपको तीन प्रकार से सचेत किया जाता है.
  स्क्रीन पर संदेश दिखाकर.
  बीप की ध्वनि या कंपन करके.
  स्क्रीन लाइट फ्लैश करके.

सहायता (सूची 4 7)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

प्रदर्शन (सूची 5)

भाषा (सूची 5 1)

आप विभिन्न ग्राफिक्स चुनकर अपने फोन का **प्रदर्शन** व्यक्तिगत बना सकते हैं.

1. **प्रदर्शन** सूची से, 1 **भाषा** चुनें.

2. [⇕] की सहायता से English/हिन्दी सेट करें और तब सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

सर्विस एरिया (सूची 5 2)

यह सूची उपयोगकर्ता का एस डी सी ए/कॉलिंग क्षेत्र प्रदर्शित करती है.

1. **प्रदर्शन** सूची से 2 **सर्विस एरिया** चुनें.

घड़ी (सूची 5 3)

इससे आप अपने मोबाइल फोन पर प्रदर्शित करने के लिए घड़ी चुन सकते हैं.

1. **प्रदर्शन** सूची से 3 **घड़ी** चुनें.
2. **ऑफ, छोटा** या **बड़ा** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

वॉलपेपर (सूची 5 4)

अक्षरों की एक पंक्ति लिखें जिसे आप प्रदर्शित करना चाहते हैं. आप स्टैंडबाय मोड में एलसीडी स्क्रीन पर प्रदर्शित स्क्रीन सेट कर सकते हैं.

1. **प्रदर्शन** सूची से 4 **वॉलपेपर** चुनें.
   1. **विषय** (सूची 5 4 1)
      आप स्टैंडबाय मोड में एलसीडी स्क्रीन पर प्रदर्शित स्क्रीन सेट कर सकते हैं.
      ▶ विषय का चयन करें और सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ. यदि आप **R वर्ल्ड छवि डाउनलोड** का उपयोग करते हैं तो आप डाउनलोड की गई छवि भी चुन सकते हैं. (ऑफ/R वर्ल्ड छवि 1–3/ छवि 1–2)
2. **प्रोफाइल** (सूची 5 4 2)
   मौजूदा प्रोफाइल वॉलपेपर के रूप में सुरक्षित कर ली जाती है.
   - **दिखाएँ** या **छिपाएँ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

3. **बैनर** (सूची 5 4 5)

अक्षरों की वह पंक्ति लिखें जिसे आप प्रदर्शित करना चाहते हैं. (13 वर्णों तक).

▶ बैनर का नाम डालें और बाद में सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

नोट वॉलपेपर्स, R वर्ल्ड द्वारा डाउनलोड किए जा सकते हैं.

सूची स्टाइल (सूची 5 5)

इससे आप सूची स्टाइल चुन सकते हैं.

1. **प्रदर्शन** सूची से, 5 **सूची स्टाइल** चुनें.
2. ⬍ से **चिन्ह** या **सूची** चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

स्क्रीन लाइट (सूची 5 6)

एलसीडी और बटन पैड स्क्रीन लाइट की सेटिंग्स चुनें.

1. **प्रदर्शन** सूची से, 6 **स्क्रीन लाइट** चुनें.
2. कोई विकल्प चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
   - ▶ **1 मिनट के लिए** स्क्रीन लाइट 1 मिनट तक ऑन रहती है, उसके बाद 20 सेकंड के लिए मंद हो जाती है और फिर स्क्रीन लाइट ऑन करने के लिए उपयोगकर्ता के कोई बटन दबाने तक बंद रहती है.
   - ▶ **30 सेकण्ड के लिए** स्क्रीन लाइट 30 सेकंड तक ऑन रहती है, उसके बाद 20 सेकंड के लिए मंद हो जाती है और फिर स्क्रीन लाइट ऑन करने के लिए उपयोगकर्ता के कोई बटन दबाने तक बंद रहती है.
   - ▶ **10 सेकण्ड के लिए** स्क्रीन लाइट 10 सेकंड तक ऑन रहती है, उसके बाद 20 सेकंड के लिए मंद हो जाती है और फिर स्क्रीन लाइट ऑन करने के लिए उपयोगकर्ता के कोई बटन दबाने तक बंद रहती है.

कॉन्ट्रास्ट (सूची 5 7)

नेविगेशन बटन का उपयोग करते हुए हल्के से लेकर गहरी रोशनी का स्केल उपयोग में लाकर कॉन्ट्रास्ट सेटिंग चुनें.

1. **प्रदर्शन** सूची से, 7 **कॉन्ट्रास्ट** चुनें.
2. ⬌ से कॉन्ट्रास्ट समायोजित करें.
3. बाद में कॉन्ट्रास्ट सेटिंग सुरक्षित करने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

सहायता (सूची 5 8)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

सेटिंग्स (सूची 6)

मेरी सूची (सूची 6 1)

इससे आप मेरी सूची को अनुकूलित कर अपनी पसंद की सूची चुन सकते हैं. मेरी सूची में अधिकतम 10 विषय संग्रहीत किए जा सकते हैं.

1. **सेटिंग्स** सूची से, 1 **मेरी सूची** चुनें.
2. ⬍ से अपनी पसंद की सूची चुनें, और तब सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
3. **मेरी सूची** में जोड़ने के लिए ⬍ की सहायता से सूची चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **जोड़ें** दबाएँ (यदि उपसूची उपलब्ध है तो सॉफ्ट 1 बटन चुनें, फिर **मेरी सूची** से संपूर्ण सूची जोड़ने के लिए **अधिक** व **जोड़ें** चुनें.)

नोट स्टैंडबाय स्क्रीन से CLR + ⬍ के साथ पसंद का विषय चुनें, बाद में सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर चुनें चुनकर **मेरी सूची** चुनें.

नोट स्टैंडबाय स्क्रीन से CLR + ⬍ के उपयोग से मिटाने के लिए

विषय चुनें, बाद में सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाकर **मिटाएँ** चुनें.

से **हाँ** चुनें, बाद में **मेरी सूची** से मिटाने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

कॉल (सूची 6 2)

1. **सेटिंग्स** सूची से 2 **कॉल** चुनें.

1) **कॉल फॉरवर्ड** सूची 6 2 1)

कॉल फॉरवर्ड से आप सभी आने वाली कॉल, अन्य नंबर या वॉइस मेल कनेक्शन पर फॉरवर्ड कर सकते हैं.

▶ **तुरन्त/जब व्यस्त/उत्तर नहीं/पहुँच के बाहर/सभी कॉल फॉरवर्ड असमर्थ**

2) **कॉल प्रतीक्षा** (सूची 6 2 2)

जब आप कॉल पर होते हैं तब आपको दो बार बीप की आवाज़ सुनाई दे सकती है जो आपको दूसरी आने वाली कॉल का संकेत देती है. जब कॉल प्रतीक्षा सक्षम हो, तब आप सक्रिय कॉल को होल्ड पर रखकर दूसरी आ रही कॉल का उत्तर दे सकते हैं.

▶ **समर्थ** या **असमर्थ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

नोट कॉल फॉरवर्ड और कॉल प्रतीक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए **अपने सेवा प्रदाता** से संपर्क करें.

3) **किसी बटन उत्तर** (सूची 6 2 3)

जब आपका फोन बजे तो आप PWR END छोड़कर कोई भी बटन दबाकर बात कर सकते हैं.

▶ **ऑफ** या **ऑन** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

4) **स्वत: रीडायल** (सूची 6 2 4)

कॉल करने की कोशिश असफल होने पर अपने आप नंबर

रीडायल करने से पहले फोन की प्रतीक्षा अवधि सेट करें.

▶ ऑफ/प्रति 60 सेकण्ड/प्रति 30 सेकण्ड/ प्रति 10 सेकण्ड.

5) **वॉइस प्राइवेसी** (सूची 6 2 5)

सी डी एम ए कॉल्स के लिए बढ़ी हुई या सामान्य वॉइस प्राइवेसी सुविधा चुनें. सी डी एम ए में वॉइस प्राइवेसी की सुविधा है. बढ़े हुए वॉइस प्राइवेसी मोड की उपलब्धता के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

▶ **सामान्य** या **बढ़ा हुआ** हुआ चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

6) **साफ वॉइस** (सूची 6 2 6)

यह ऑडियो एजीसी (ऑटोगेन कंट्रोल) सिस्टम प्रणाली सक्रिय/निष्क्रिय करता है.

इस सुविधा से बेहतर आवाज़ मिलती है जो ऑडियो एजीसी सिस्टम को सक्रिय करते हुए डायनामिक रेंज और स्पीकर के भिन्न स्तरों पर आवाज़ भेजने व पाने की तीव्रता और वातावरण नियंत्रित करती है.

▶ **ऑन** या **ऑफ** और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

7) **कॉल समयक** (सूची 6 2 7)

जब कोई कॉल चल रहा हो तो बीता हुआ समय प्रदर्शित करने के लिए आप अपना फोन सेट कर सकते हैं.

▶ **समर्थ** या **असमर्थ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

8) **कॉल संपर्क सचेतक** (सूची 6 2 8)

यह फंक्शन कॉल संपर्क स्थापित हो जाने पर आपको सचेत करता है.

▶ **ऑन** या **ऑफ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

9) **सहायता** (सूची 6 2 9)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

फोन (सूची 6 3)

1. **सेटिंग** सूची से 3 **फोन** चुनें.

1) **बटन रक्षक** (सूची 6 3 1)

इससे आप फोन के बटन पैड की सुरक्षा कर सकते हैं, ताकि गलती से कोई नंबर डायल न हो. जब यह फंक्शन सक्रिय होता है तो कोई कॉल नहीं किया जा सकता और सूची लॉक हो जाती है. जब बटन पैड लॉक होता है तो कॉल प्राप्त करना सामान्य रूप से संभव होता है.

▶ **समर्थ** या **असमर्थ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

तत्काल सक्रिय करने के लिए: 0 बटन दो सेकंड तक दबाए रखें.

तत्काल निष्क्रिय करने के लिए: प्रक्रिया दोहराएँ.

2) **NAM सेट करें** (सूची 6 3 2)

फोन का NAM (नंबर असाइनमेंट मॉड्यूल) चुनें. यह विकल्प इस समय आपके सेवा प्रदाता नेटवर्क पर उपलब्ध नहीं है. सिर्फ **NAM 1** का ही उपयोग करें.

3) **डेटा सेटिंग्स** (सूची 6 3 3)

डेटा/फैक्स (सूची 6 3 3 1)

डेटा/फैक्स सेटिंग में, आप अपने फोन को वायरलेस मॉडेम के रूप में प्रयोग करके उच्च गति डेटा सेवाओं, जैसे कि इंटरनेट, और अन्य डायल-अप नेटवर्किंग फंक्शन, का लाभ ले सकते हैं. वायरलेस फोन नेटवर्क साइड पर, 153.6 केबीपीएस की अधिकतम डेटा दर उपलब्ध करा सकता है. आपके कनेक्शन की गति नेटवर्क की व्यस्तता, संकेत की शक्ति और अन्य परिवर्तनीय कारकों पर निर्भर करती है.

▶ **ऑफ**

▶ **डेटा इन :** इस सेटिंग से सब्सक्राइबर डेटा कॉल्स प्राप्त कर सकता है.

▶ **फैक्स इन :** फैक्स सेवाएँ वर्तमान में **आपके सेवा प्रदाता** के नेटवर्क पर उपलब्ध नहीं हैं.

नोट फोन को मॉडेम के रूप में उपयोग करने के लिए आपको डेटा किट खरीदने की आवश्यकता होगी. डेटा किट में उपयुक्त केबल होती है जिसमें फोन को पीसी से कनेक्ट करने के लिए RS-232 इंटरफेस होता है. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

डेटा बॉड (सूची 6 3 3 2)

इस सेटिंग से सब्सक्राइबर टर्मिनल पर बॉड दर सेट किया जा सकता है.

▶ डेटा बॉड सेट USB/19,200/115,200/ 230,400

यह पूर्वनियत रूप से 115, 200 पर सेट होता है. यदि आप फोन पर यह सेटिंग बदलते हैं तो सुनिश्चित कर लें कि पी सी बॉड दर भी उसके अनुसार बदले.

नोट वायरलेस फोन पी सी/पी डी ए के साथ ठीक तरह से तभी काम करेगा जब दोनों पी सी की सीरियल पोर्ट सेटिंग्स फोन पर सेट बॉड दरों से मेल करेंगी.

4) **वर्जन** (सूची 6 3 4)

S/W, PRL और जावा वर्जन देखें.

5) **सहायता** (सूची 6 3 5)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

सुरक्षा (सूची 6 4)

1) **लॉक मोड** (सूची 6 4 1)

यह आपके फोन को अनधिकृत उपयोग से सुरक्षित रखता है. एक बार फोन लॉक हो जाने पर यह तब तक प्रतिबंधित मोड में होता है, जब

तक लॉक कोड नहीं लिखा जाता. इससे आप फोन कॉल प्राप्त कर सकते हैं और आपातकालीन कॉल भी कर सकते हैं. आपके फोन पर लॉक कोड/पासवर्ड, पूर्वनियत रूप से **0000** होता है. यदि आपको लॉक कोड बदलना हो तो आप इसे सुरक्षा सेट सूची के भीतर नए लॉक कोड के उपयोग से बदल सकते हैं.

1. **सेटिंग्स** सूची से 4 **सुरक्षा** चुनें.
2. 1 **लॉक मोड** दबाएँ.
3. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
4. कोई विकल्प चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.
   - **ऑफ** का अर्थ है कि फोन अभी तक लॉक नहीं किया गया है. लॉक होने पर, आप आने वाला कॉल प्राप्त कर सकते हैं या केवल आपातकालीन कॉल कर सकते हैं.
   - **अभी** का अर्थ है कि फोन तुरंत लॉक हो जाता है.
   - **पावर चालू होने पर** का अर्थ है कि जब फोन चालू किया जाता है, तब फोन लॉक हो जाता है.

2) **सब नाम मिटाएँ** (सूची 6 4 2)

फोन बुक में सुरक्षित सभी जानकारियाँ मिटा देता है. इसका उपयोग करते समय सावधान रहें क्योंकि हटाई गई जानकारी पुन: प्राप्त नहीं की जा सकती.

1. **सेटिंग्स** सूची से 4 **सुरक्षा** चुनें.
2. 2 **सब नाम मिटाएँ** दबाएँ.
3. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
4. के उपयोग से **हाँ** चुनें.
5. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

3) **आपातकालीन नंबर** (सूची 6 4 3)

आपका फोन लॉक अथवा प्रतिबंधित होने पर भी आप 100, 101, 102 नंबरों पर कॉल कर सकते हैं. 3 आपातकालीन नंबर लिखने के लिए,

1. **सेटिंग्स** सूची से 4 **सुरक्षा** चुनें.
2. 3 **आपातकालीन नंबर** दबाएँ.
3. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
4. सॉफ्ट बटन 1 **संपादन** दबाएँ.
5. आपातकालीन नंबर लिखें.
6. सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

4) **लॉक कोड बदलें** (सूची 6 4 4)

नए लॉक कोड से आप एक नए चार अंकों का लॉक कोड नंबर लिख सकते हैं.

1. **सेटिंग्स** सूची से 4 **सुरक्षा** चुनें.
2. 4 **लॉक कोड बदलें** दबाएँ.
3. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
4. नया लॉक कोड लिखें (चार-अंक).
5. पुष्टि के लिए यह आपको नया लॉक कोड फिर से लिखने के लिए कहेगा.

5) **फोन पुन: सेट करें** (सूची 6 4 5)

आप कुछ सूची सेटिंग्स को उनके वास्तविक मान पर पुन: सेट कर सकते हैं. जब फोन पुन: सेट करें चुना जाता है, तो फोन बुक को छोड़ कर सभी सेटिंग्स रीसेट हो जाती हैं.

1. **सेटिंग्स** सूची से 4 **सुरक्षा** चुनें.
2. 5 **फोन पुन: सेट करें** दबाएँ.
3. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
4. के उपयोग से **हाँ** चुनें.
5. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

6) **सहायता** (सूची 6 4 6)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

ऑर्गनाइज़र (सूची 7)

टाईम मैनेजर (सूची 7 1)

टाइम मैनेजर फंक्शन्स

टाइम मैनेजर आपकी कार्य सूची को सुविधाजनक व पहुँच में आसान बनाता है. अपने कार्यक्रम इसमें संग्रहीत कर दें और आपका फोन आपके नियत समय के बारे में आपको सतर्क कर देगा.

आप **वेक-अप** सुविधा का भी लाभ ले सकते हैं.

160 तक सुरक्षित कर सकते हैं.

नोट यदि नियत समय पर SMS भेजा जा रहा हो या कॉल चल रहा हो या जावा का उपयोग किया जा रहा हो तो फोन नहीं बजता. इन कार्यों के खत्म होने पर यह अनुस्मारक देगा.

नोट हैंडसेट का समय नेटवर्क टाइम सेटिंग्स से लिया जाता है.

कैलेंडर में नेविगेशन करने के लिए बटनों का उपयोग कैसे करें.

◀ , कर्सर बाईं ओर ले जाता है.

▶ , कर्सर दाईं ओर ले जाता है.

▲ , पिछले सप्ताह में जाता है.

▼ , अगले सप्ताह में जाता है.

1 पिछले वर्ष में जाता है.

3 अगले वर्ष में जाता है.

7 पिछले महीने में जाता है.

9 अगले महीने में जाता है.

इसकी सहायता से आप अपना कार्यक्रम जोड़ सकते हैं. यदि आप समय और मेमो दर्ज करते हैं तो तय समय पर अलार्म बजता है.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से, 1 **टाइम मैनेजर** चुनें.
2. अपने बटन पैड का उपयोग करते हुए तिथि चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **कार्य जोड़ें, तिथि से देखें, सब देखें, तिथि पर जाएँ, आज पर जाएँ, तिथि को मिटाएँ** या **सब मिटाएँ** चुनें.

टु डू (सूची 7 2)

इसमें 40 तक सुरक्षित किए जा सकते हैं.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से 2 **टु डू** चुनें.
2. कोई नया कार्य लिखने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **जोड़ें** दबाएँ.

नोट सुरक्षित टु डू की स्थिति में देखें, मिटाएँ, सब मिटाएँ, और जोड़ें के फंक्शन सॉफ्ट बटन 1 के साथ उपलब्ध होते हैं.

मेमो (सूची 7 3)

इसमें 40 तक सुरक्षित किए जा सकते हैं.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से, 3 **मेमो** चुनें.
2. कोई नया मेमो लिखने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **जोड़ें** दबाएँ.
3. वर्ण लिखने के बाद (वर्ण लिखने हेतु पृष्ठ 20-24 देखें) सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

जब मेमो खाली न हो

निम्न विकल्प उपलब्ध होते हैं:

देखें, मिटाएँ, सब मिटाएँ और **जोड़ें**

देखें : चयनित मेमो प्रदर्शित करने के लिए.

देखें स्क्रीन 2 विकल्प, **संपादन** व **मिटाएँ**, देता है.

संपादन से उपयोगकर्ता वर्तमान मेमो संशोधित कर सकता है.

मिटाएँ : इससे उपयोगकर्ता चुने हुए मेमो मिटा सकता है.

सब मिटाएँ : इससे उपयोगकर्ता संग्रहीत सभी मेमो मिटा सकता है.

जोड़ें : इससे उपयोगकर्ता मेमो जोड़ सकता है.
मेमो के सुरक्षित होने पर वर्तमान तिथि और समय भी सुरक्षित हो जाते हैं.

अलार्म (सूची 7 4)

किसी कार्य का अलार्म समय बदलने के लिए.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से, 4 **अलार्म** चुनें.
2. **अलार्म 1, अलार्म 2** या **अलार्म 3** चुनें.
3. आप ◀▶ से अलार्म मोड बदल सकते हैं.
   (ऑफ/एक बार/प्रतिदिन/सोम-शुक्र/सोम-शनि)
4. अलार्म समय सेट करने के लिए ▼ का उपयोग करें, रिंगर चुनें और सामग्री लिखें, और फिर सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.
   - ▶ से am/pm चुना जा सकता है.
   - ▶ प्रोफाइल्स में सेटिंग्स के अनुसार रिंगर वॉल्यूम नियंत्रित किया जाता है.

नोट मोबाइल बंद करने पर अलार्म निष्क्रिय हो जाता है. निर्धारित सीमा निकल जाने पर अलार्म स्वत: समाप्त हो जाता है.

स्नूज़ कैसे सेट करें

अलार्म में सेट किए जाने पर स्नूज़ पूर्वनियत स्थिति में होता है.

अलार्म बजने पर जब कोई बटन नहीं दबाया जाता है तो एक मिनट बाद स्नूज़ फंक्शन अपने आप सेट हो जाता है, और सेट किए गए समय के दस मिनट बाद अलार्म फिर से बज उठता है.

स्टॉप वॉच (सूची 7 5)

स्टॉप वॉच उपलब्ध है.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से 5 **स्टॉप वॉच** चुनें.

कैलक्युलेटर (सूची 7 6)

सरल गणितीय गणना करता है.
(दशमलव के दूसरे स्थान तक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है.)

1. ऑर्गनाइज़र सूची से 6 **कैलक्युलेटर** चुनें.
2. 2 और 5 को क्रम से दबाएँ.
3. ◀ से (गुणा) चुनें.
4. 1 , 0 को क्रम से दबाएँ.
5. सॉफ्ट बटन 1 **उत्तर** चुनें.
   आप गणना का परिणाम **250** देखेंगे.

नोट एक बार में 50 अंकों तक की गणना की जा सकती है (उदा., 73+01-03 आठ अंक होंगे).

विश्व घड़ी (सूची 7 7)

यदि आपको किसी दूसरे देश में फोन करना है और आपको समय का अंतर नहीं पता, तो यह घड़ी उपयोगी साबित होगी.

1. **ऑर्गनाइज़र** सूची से 7 **विश्व घड़ी** चुनें.
2. ◀▶ से इच्छित शहर चुनें.
   शीघ्र चयन के लिए मैप पर 7 शहर देखने के लिए ▲▼ का उपयोग किया जा सकता है.

नोट सॉफ्ट बटन 1 **DST** से डे लाइट सेविंग टाइम सेट करें.

सहायता (सूची 7 8)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

R वर्ल्ड (सूची 8)

R-सूची (सूची 8 1 या)

यह आपको **आपके सेवा प्रदाता** द्वारा दी गई R वर्ल्ड डेटा सेवा जैसे वीडियो, ऑडियो, समाचार, गेम्स, संदेश इत्यादि से जोड़ेगी.

1. **R वर्ल्ड** सूची से 1 **R-सूची** चुनें.
2. R वर्ल्ड लोगो के बाद R वर्ल्ड डेटा सेवा सूची प्रदर्शित होगी.
3. से सूची स्क्रॉल करें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाकर कोई भी डेटा सेवा शुरू करें.
4. किसी भी समय डेटा सेवा से बाहर निकलने के लिए कुछ सेकंड तक END दबाकर रखें.

नोट हो सकता है सभी डेटा सेवाएँ प्रत्येक उपभोक्ता के लिए उपलब्ध न हों. अधिक जानकारी के लिए कृपया **अपने सेवा प्रदाता** से संपर्क करें.

मल्टीमीडिया (सूची 8 2)

सुरक्षित किए जाने के लिए अधिकतम उपलब्ध स्थान 600 के बाइट है. फोन में कुल 20 फाइलें सुरक्षित की जा सकती हैं (600 के बाइट के अंतर्गत). यदि निर्धारित सीमा समाप्त होने पर और भी फाइलें सुरक्षित की जानी हैं, तो नई फाइलें सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त स्थान न होने पर हैंडसेट फाइलें मिटाने के लिए संकेत देगा.

सूची दिखाएँ (सूची 8 2 1)

इससे आप अपने हैंडसेट में सुरक्षित वीडियो और ऑडियो फाइलें देख सकते हैं.

1. **R वर्ल्ड** सूची से 2 **मल्टीमीडिया** चुनें.
2. 1 **सूची दिखाएँ** दबाएँ.

सूची मिटाएँ (सूची 8 2 2)

इससे आप मल्टीमीडिया में संग्रहीत आइटम मिटा सकते हैं.

1. **R वर्ल्ड** सूची से **मल्टीमीडिया** चुनें.
2. 2 **सूची मिटाएँ** दबाएँ.

गेम (सूची 8 3)

यदि आप सूची से क्रिकेट गेम चुनने के बाद **सहायता** चुनते हैं तो आपको गेम खेलने के बारे में आवश्यक जानकारी मेनू में मिल सकती है.

क्रिकेट (सूची 8 3 1)

क्रिकेट दो टीमों के बीच खेला जाने वाला गेम है जिसमें प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं जो एक गेंद को मारकर और स्टंप्स के बीच दौड़कर अंक अर्जित करने का प्रयास करते हैं. आप भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में से किसी भी देश का चयन कर सकते हैं. प्रत्येक टीम की अपनी बैटिंग, पिचिंग और गति होती है.

1. **R वर्ल्ड** सूची से 3 **गेम** चुनें.
2. 1 **क्रिकेट** दबाएँ.
3. से **नया गेम** चुनें.
4. गेम शुरू करने के लिए सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.

1. बटन पैड संकेत - सूची स्क्रीन

   CLR गेम चयन स्क्रीन पर ले जाता है.

   END गेम समाप्त करता है.

   New Game - नया गेम शुरू करता है.

   Load Game - सुरक्षित किया गया गेम लोड करता है.

   Option - ध्वनि और कंपन को समायोजित करता है.

Help - बटन पैड की रूपरेखा प्रदर्शित करता है.

Score - स्कोर को सुरक्षित करता है.

3) बटन पैड रूपरेखा - बैटिंग स्क्रीन

बल्लेबाज की स्थिति चुनें

गेंद की दिशा

4) बटन पैड रूपरेखा - बैटिंग स्क्रीन

7 पुल

8 डिफेंड

9 ड्राइव

5) बटन पैड रूपरेखा - डिफेंस स्क्रीन

गेंद की स्पिन दिशा चुनें

4 लेफ्ट स्पिन 2 स्पिन नहीं

6 राइट स्पिन 5 डाउन स्पिन

गेंद कहाँ फेंकें

1 ~ 9 ,

गेम सेटिंग्स (सूची 8 3 2)

आप गेम की ध्वनि वॉल्यूम सेट कर सकते हैं और स्क्रीन लाइट चालू या बंद कर सकते हैं. गेम खेलते समय अपने फोन की सेटिंग बदलने के लिए.

1. **R वर्ल्ड** सूची से 3 **गेम** चुनें.
2. 2 **गेम सेटिंग्स** दबाएँ.
3. 1 **गेम वॉल्यूम** और 2 **गेम स्क्रीन लाइट** के बीच सेटिंग चुनने के लिए उपयोग करें.

नोट यदि स्क्रीन लाइट चालू है और गेम्स सूची में फोन निष्क्रिय रखा जाता है तो बैटरी जल्दी खर्च होगी.

R-सूची रीसेट (सूची 8 4)

यदि आपको अक्सर R वर्ल्ड का उपयोग करने में परेशानी होती है तो आप R वर्ल्ड को पुन: सेट कर सकते हैं. ऐसा करने से केवल R वर्ल्ड की सभी सेवाएँ ताज़ा होंगी.

1. **R वर्ल्ड** सूची से 4 **R-सूची रीसेट** चुनें.
2. से **हाँ** या **नहीं** चुनें और फिर सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

सहायता (सूची 8 5)

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

कॉल मेमो में (कॉल के दौरान : सूची 1@अ)

इससे आप कॉल के दौरान अन्य व्यक्ति द्वारा दिया जाने वाला फोन नंबर दर्ज कर सकते हैं. नंबर कॉल विवरण में दर्ज हो जाएगा.

1. कॉल के दौरान सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.
2. 1@अ **कॉल मेमो में** दबाएँ.
3. फोन नंबर लिखें और सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

मौन / मौन नहीं (कॉल के दौरान : सूची 2ABC)

यह फंक्शन आपके फोन का माइक्रोफोन लॉक कर देता है और दूसरे व्यक्ति तक आपकी आवाज़ नहीं पहुँचने देता.

- **मौन फंक्शन सक्रिय करने के लिए :**

1. कॉल के दौरान सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.
2. 2ABC **मौन** दबाएँ.

- **मौन फंक्शन निष्क्रिय करने के लिए :**

1. प्रक्रिया दोहराएँ.

इयरपीस / स्पीकर वॉल्यूम (कॉल के दौरान : सूची 3DEF)

कॉल के दौरान से ईयरपीस वॉल्यूम समायोजित करें.

वॉइस प्राइवेसी ऑन/ऑफ (कॉल के दौरान : सूची 4GHI)

सी डी एम ए कॉल्स के लिए **एन्हांस** या **स्टैंडर्ड** के रूप में प्राइवेसी सुविधाएँ सेट करें. सी डी एम ए में वॉइस प्राइवेसी सुविधा है. एन्हांस्ड वॉइस प्राइवेसी मोड की उपलब्धता के लिए **अपने सेवा प्रदाता** से संपर्क करें.

स्पीकर ऑन समायोजित करना (कॉल के दौरान : #SPACE दबाएँ)

कॉल के दौरान स्पीकर ऑन सक्रिय करने के लिए, #SPACE को 2 सेकंड के लिए दबाएँ. स्पीकर ऑन रद्द करने के लिए, #SPACE को 2 सेकंड के लिए दबाएँ.

ट्रैवल चार्जर

यह चार्जर मॉडल AC-20W आपकी बैटरी चार्ज करता है. यह AC 100-240 वोल्ट, 50-60 हर्ट्ज़ आउटलेट्स का समर्थन करता है.

सिगरेट लाइटर चार्जर

सिगरेट लाइटर चार्जर, मॉडल CLC-60W का उपयोग करते हुए आप अपने वाहन से फोन संचालित कर सकते हैं और बैटरी को थोड़ा चार्ज कर सकते हैं.

हैंड्स-फ्री कार किट (पोर्टेबल)

हैंड्स-फ्री कार किट मॉडल PHF-60W के उपयोग से आप कार से फोन को जोड़ सकते हैं जिससे आप बिना हाथ लगाए संचालन कर सकते हैं.

हेडसेट

इसे आपके फोन से इसलिए जोड़ा जाता है, ताकि आप हाथ लगाए बिना संचालन करें. इसमें ईयरपीस, माइक्रोफोन और समेकित कॉल उत्तर/समाप्त बटन शामिल हैं.

सीरियल डेटा केबल

आपका फोन पीसी सीरियल पोर्ट से जोड़ता है. (LG-DC300DJ)

USB केबल

आप अपने फोन को अपने पीसी के USB पोर्ट के साथ जोड़ सकते हैं. (LG-USB8100)

सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ. स्क्रॉल करने के लिए दबाएँ.

नाम

1. नाम जोड़ें
2. खोजें
3. ग्रुप
4. शीघ्र डायल
5. सहायता

संदेश

1. लिखें
2. इनबॉक्स
3. आउटबॉक्स
4. वॉइस मेल
5. संग्रह
6. ड्राफ्टस
7. टेम्प्लेट्स
8. संदेश मिटाएँ
9. संदेश सेटिंग्स
   - प्राथमिकता
   - भेज दिया गया
   - विलंबित डेलिवरी
   - वैधता समय
   - भेजे गए सुरक्षित
   - इनबॉक्स स्वत: मिटाएँ
10. सहायता

कॉल विवरण

1. छूटी हुई
2. प्राप्त हुआ
3. डायल किये हुए
4. कॉल मेमो में
5. कॉल अवधि
   - अंतिम डायल कॉल
   - सब डायल कॉल
   - सब कॉल
   - कॉल अवधि पुन: सेट करें
6. डेटा विवरण
7. विवरण मिटाएँ
   - छूटी हुई कॉल मिटाएँ
   - प्राप्त हुआ कॉल मिटाएँ
   - डायल किये हुए कॉल मिटाएँ
   - डेटा विवरण कॉल मिटाएँ
8. सहायता

प्रोफाइल्स

1. सिर्फ कंपन
2. Silent
3. General
4. Outdoor
5. हेडसेट
6. कार किट
7. सहायता

प्रदर्शन

1. भाषा
   - English
   - हिन्दी
2. सर्विस एरिया
3. घड़ी
   - ऑफ
   - छोटा
   - बड़ा
4. वॉलपेपर
   - विषय
   - प्रोफाइल
   - बैनर
5. सूची स्टाइल
   - चिन्ह
   - सूची
6. स्क्रीन लाइट
   - 1 मिनट के लिए
   - 30 सेकण्ड के लिए
   - 10 सेकण्ड के लिए
7. कॉन्ट्रास्ट
8. सहायता

सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ. स्क्रॉल करने के लिए दबाएँ.

सेटिंग्स

1. मेरी सूची
2. कॉल
   - कॉल फॉरवर्ड
   - कॉल प्रतीक्षा
   - **किसी बटन उत्तर**
   - स्वत: रीडायल
   - वॉइस प्राइवेसी
   - साफ वॉइस
   - कॉल समयक
   - कॉल संपर्क सचेतक
   - सहायता
3. फोन
   - बटन रक्षक
   - NAM सेट करें
   - डेटा सेटिंग्स
   - वर्ज़न
   - सहायता
4. सुरक्षा
   - लॉक मोड
   - सब नाम मिटाएँ
   - आपातकालीन नंबर
   - लॉक कोड बदलें
   - फोन पुन: सेट करें
   - सहायता

ऑर्गनाइज़र

1. टाइम मैनेजर
2. टु डू
3. मेमो
4. अलार्म
5. स्टॉप वॉच
6. कैलक्युलेटर
7. विश्व घड़ी
8. सहायता

R वर्ल्ड

1. R-सूची
2. मल्टीमीडिया
   - सूची दिखाएँ
   - सूची मिटाएँ
3. गेम
   - क्रिकेट
   - गेम सेटिंग्स
4. R-सूची रीसेट
5. सहायता

सामान्य प्रश्न

प्र : मैं डायल किये हुए, प्राप्त हुए और छूटी हुई कॉल्स की सूची कैसे देख सकता हूँ ?

उ : CALL दबाएँ.

प्र : मैं कॉल विवरण कैसे मिटा सकता हूँ ?

उ : CALL दबाएँ → सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ → **मिटाएँ** या **सब मिटाएँ** दबाएँ → सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ → **हाँ** चुनें → सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ

प्र : मैं मेमोरी में संग्रहीत सभी नंबर कैसे देख सकता हूँ ?

उ : सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.

प्र : मैं कार्यक्रम में कितने कार्य जोड़ सकता हूँ ?

उ : कुल 160 ईवेंट.

प्र : मैं टाइम मैनेजर में संग्रहीत सभी पिछले कार्यक्रम कैसे साफ कर सकता हूँ ?

उ : सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ → 7 **ऑर्गनाइज़र** → 1 **टाइम मैनेजर** → सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** → 6 **तिथि को मिटाएँ** → **हाँ** चुनें → सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ

प्र : मैं कितने शीघ्र डायल नंबर संग्रहीत कर सकता हूँ ?

उ : कुल 99 नंबर.

प्र : मैं कोई शब्द संदेश कैसे भेज सकता हूँ ?

उ : ✉ → 1 **लिखें** दबाएँ.

प्र : मैं कॉल समयक कैसे साफ कर सकता हूँ (मासिक रूप से समय रीसेट)?

उ : सॉफ्ट बटन 1 **सूची** → 3 **कॉल विवरण** → 5 **कॉल अवधि** → 4 **कॉल अवधि पुन: सेट करें** → **हाँ** चुनें → सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

प्र : मैं अपना लॉक कोड कैसे पता कर सकता हूँ ?

उ : पूर्वनियत रूप से आपके फोन का लॉक कोड/पासवर्ड 0000 होता है.

प्र : इसमें कितने ग्रुप होते हैं ?

उ : ग्रुप में, कोई ग्रुप नहीं/Family/Relatives/Friends/Busines/Colleagues/School/Club/VIP.
आप ग्रुप का शीर्षक संपादित कर सकते हैं लेकिन **कोई ग्रुप नहीं** संपादित नहीं किया जा सकता.
ग्रुप का नाम बदलने के लिए,

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** → 1 **नाम** → 3 **ग्रुप** और ⬍ दबाकर ग्रुप चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाने के बाद, **शीर्षक संपादन** चुनें.

प्र : क्या ग्रुप SMS संभव है ?

उ : आप एक साथ 10 नंबरों को संदेश भेज सकते हैं. प्रत्येक नंबर अलग-अलग चुना या लिखा जाना चाहिए.

सर्विस के लिए कॉल करने से पहले

कृपया अपने फोन को सर्विस के लिए ले जाने या किसी सर्विस इंजीनियर को बुलाने से पहले देखें कि उसमें यहाँ उल्लेखित कोई समस्या तो नहीं है.

जब ऐसे लक्षण दिखाई दें :	तो यह जाँचें!
जब स्क्रीन से '' ᚠ '' गायब न होता हो.	देखें कि क्या यह सर्विस एरिया है, और यदि आपको अभी भी '' ᚠ '' दिखाई दे रहा हो, तो कृपया पावर बंद करें और लगभग दो मिनट बाद इसे चालू करें. यदि कोई बदलाव न दिखाई दे, तो किसी अन्य क्षेत्र में जाने के बाद जाँचें.
जब कनेक्शन लगातार न मिले या कुछ क्षेत्रों में आवाज़ सुनाई न दे.	जब कुछ क्षेत्रों में आवृत्ति वातावरण अस्थिर होता है, तो कनेक्शन लगातार नहीं मिलता और आवाज़ ठीक से सुनाई नहीं देती. किसी दूसरे क्षेत्र में जाएँ और पुन: प्रयास करें.
जब कनेक्शन ठीक से नहीं मिलता या मिलने पर बीच में टूटता है.	जब आवृत्ति अस्थिर या कमजोर होती है, या जब उपयोगकर्ता अधिक होते हैं, तो स्थापित होने के बाद भी कनेक्शन कट सकता है. कृपया कुछ देर बाद प्रयास करें या किसी दूसरे क्षेत्र में जाकर पुन: प्रयास करें.
जब एलसीडी चालू नहीं होती.	बैटरी निकालें और फिर इसे पुन: लगाकर पावर चालू करें. यदि तब भी स्थिति न बदले, तो बैटरी को पर्याप्त चार्ज करने के बाद पुन: प्रयास करें.
यदि किसी क्षेत्र में किसी टेलीफोन से कनेक्शन मिलने पर प्रतिध्वनि सुनाई देती है.	इसे ''प्रतिध्वनि आभास'' कहा जाता है, यह तब होता है जब कनेक्शन वॉल्यूम बहुत ज़्यादा होता है या दूसरी तरफ मशीन के विशेष गुणधर्मों के कारण होता है (सेमीइलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंज).

जब ऐसे लक्षण दिखाई दें :	तो यह जाँचें!
जब फोन गर्म हो.	यदि कनेक्शन लंबी अवधि के लिए स्थापित होता है, या गेम और इंटरनेट और अन्य लंबी अवधि के लिए चलते हैं, तो फोन गर्म हो सकता है. इससे उत्पाद के जीवनकाल या प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता.
जब रिंग नहीं बजती, या स्क्रीन लाइट या एल सी डी चमकती है.	रिंग प्रकार ''मौन'' या ''लाइट'' के रूप में सेट हो सकता है. कृपया ''रिंग'' चुनें.
बैटरी की स्टैंडबाय अवधि धीरे-धीरे कम होती जाती है.	चूँकि बैटरी बाहर से लगी होती है, इसलिए इसका जीवनकाल धीरे-धीरे कम होता जाता है. यदि इसका जीवनकाल खरीदे जाने के बाद से आधा रह गया हो, तो आपको नई बैटरी खरीदनी चाहिए.
जब बैटरी के उपयोग का समय कम हो जाता है.	यदि बैटरी के उपयोग का समय कम हो गया है, तो यह उपयोगकर्ता के वातावरण, या अधिक कॉल्स, या कमजोर संकेतों के कारण हो सकता है.

टी आई ए सुरक्षा जानकारी

वायरलेस हैंडहेल्ड फोन के लिए टी आई ए की सुरक्षा संबंधी सारी जानकारी यहाँ दी गई है. सी टी आई ए मान्यता के लिए ग्राहक दिशानिर्देश पुस्तिका में पेसमेकर, श्रवण यंत्र और अन्य चिकित्सकीय उपकरण संबंधी जानकारी शामिल करना आवश्यक होता है. उपयुक्त होने पर शेष टी आई ए भाषाओं के उपयोग के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है.

रेडियो फ्रीक्वेंसी संकेतों का एक्सपोज़र

आपका वायरलेस हैंडहेल्ड पोर्टेबल टेलीफोन एक कम शक्ति वाला रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर है. चालू होने पर यह रेडियो फ्रीक्वेंसी (आर एफ) संकेत प्राप्त करता और भेजता भी है.

अगस्त 1996 में फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन (एफ सी सी) ने हैंडहेल्ड वायरलेस फोन के लिए सुरक्षा स्तरों सहित आर एफ एक्सपोज़र दिशानिर्देश अपनाए. वे दिशानिर्देश संयुक्त राज्य और अंतर्राष्ट्रीय मानक निकायों द्वारा निर्धारित पिछले सुरक्षा मानकों के अनुरूप हैं :

ए एन एस आई सी 95.1 (1992)
एन सी आर पी रिपोर्ट 86 (1986)
आई सी एन आई आर पी (1996)

ये मानक, प्रासंगिक वैज्ञानिक साहित्य के समग्र और समय-समय पर हुए मूल्यांकनों पर आधारित थे. उदाहरण के लिए ए एन एस आई मानक (सी 95.1) बनाने के लिए विश्वविद्यालयों, सरकारी स्वास्थ्य एजेंसियों, और उद्योगों के 120 से अधिक वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और चिकित्सकों ने अनुसंधान की उपलब्ध जानकारी की समीक्षा की.

आपके फोन की डिज़ाइन एफ सी सी दिशानिर्देश (और उन मानकों) का पालन करती है.

एंटीना की देखभाल

केवल प्रदान किए गए या मान्यता प्राप्त बदले गए एंटीना का ही उपयोग करें. अनधिकृत एंटीना, संशोधन या अनुलग्नकों के कारण फोन क्षतिग्रस्त हो सकता है और इससे एफ सी सी नियमों का उल्लंघन हो सकता है.

फोन संचालन

सामान्य स्थिति : किसी अन्य टेलीफोन के समान ही इस फोन को पकड़ें, एंटीना ऊपर की ओर रहे और आपके कंधे से ऊपर हो.

कुशल संचालन की युक्तियाँ

- अपने फोन को अधिक कुशलता से संचालित करने के लिए :

जब फोन का उपयोग हो रहा हो तो अनावश्यक रूप से एंटीना न छुएँ. एंटीना छूने से कॉल की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इससे फोन की ऊर्जा आवश्यकता से अधिक खर्च हो सकती है.

- अमेरिकन नेशनल स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूट, नेशनल काउंसिल ऑन रेडिएशन प्रोटेक्शन एंड मेजरमेंट, इंटरनेशनल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइजिंग रेडिएशन प्रोटेक्शन.

वाहन चालन

जिन क्षेत्रों में आप वाहन चला रहे हैं, उन क्षेत्रों के वायरलेस टेलीफोन के उपयोग संबंधी कानून और नियम देख लें. हमेशा उनका पालन करें. साथ ही वाहन चलाते समय यदि आप अपने फोन का उपयोग कर रहे हैं, तो कृपया :

- वाहन चलाने पर पूरा ध्यान दें-सुरक्षित वाहन चालन आपकी पहली जिम्मेदारी है.
- यदि उपलब्ध हो, तो हैंड्स-फ्री ऑपरेशन का उपयोग करें.
- यदि आवश्यकता हो, तो सड़क से हटकर गाड़ी पार्क करने के बाद कॉल करें या उत्तर दें.

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

अधिकांश आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आर एफ संकेतों से सुरक्षित होते हैं. फिर भी, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आपके वायरलेस फोन से निकलने वाले आर एफ संकेतों से सुरक्षित नहीं भी हो सकते हैं.

पेसमेकर्स

हेल्थ इंडस्ट्री मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन अनुशंसा करता है कि हैंडहेल्ड

वायरलेस फोन और पेसमेकर के बीच कम से कम छह (6'') इंच की दूरी होनी चाहिए, ताकि पेसमेकर में संभावित अवरोध टाला जा सके. ये अनुशंसाएँ वायरलेस टेक्नोलॉजी रिसर्च के स्वतंत्र अनुसंधान और अनुशंसाओं के अनुरूप हैं.

पेसमेकर वाले व्यक्ति:

- फोन चालू करने पर अपने पेसमेकर और फोन के बीच हमेशा छह इंच से अधिक दूरी बनाए रखें.
- सीने पर बने जेब में फोन न रखें.
- पेसमेकर के दूसरी तरफ के कान का उपयोग करें, ताकि संभावित अवरोध न्यूनतम हो सके.
- यदि किसी कारण आपको संदेह होता है कि अवरोध आ रहा है तो अपना फोन तुरंत बंद कर दें.

श्रवण यंत्र

कुछ डिजिटल वायरलेस फोन श्रवण यंत्रों के कार्य में अवरोध डाल सकते हैं. ऐसा अवरोध आने पर आप विकल्पों की जानकारी प्राप्त करने के लिए LG अधिकृत सर्विस सेंटर से संपर्क कर सकते हैं. प्रत्येक फोन निर्माता के लिए वैकल्पिक.

अन्य चिकित्सकीय उपकरण

यदि आप किसी अन्य व्यक्तिगत चिकित्सकीय उपकरण का उपयोग करते हैं, तो अपने उपकरण के निर्माता से परामर्श कर निर्धारित कर लें कि क्या वे बाहरी आर एफ ऊर्जा से पर्याप्त सुरक्षित हैं. यह जानकारी प्राप्त करने में आपका चिकित्सक आपकी सहायता कर सकता है.

स्वास्थ्य रक्षा से जुड़े संस्थानों में निर्देश दिए जाने पर अपना फोन बंद कर दें. अस्पतालों या स्वास्थ्य रक्षा संस्थानों में ऐसे उपकरण हो सकते हैं जो बाहरी आर एफ ऊर्जा के प्रति संवेदनशील होते हैं.

वाहन

आर एफ संकेत मोटर वाहनों में गलत ढंग से लगाए गए या अपर्याप्त सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स को प्रभावित कर सकते हैं. अपने वाहन के संबंध में निर्माता या उसके प्रतिनिधि से पूछताछ कर लें.

आपके वाहन में लगे उपकरण के निर्माताओं से आपको परामर्श करना चाहिए.

पोस्टेड सुविधाएँ

यदि कहीं पर आपका फोन बंद करने संबंधी सूचना लगी हो, तो इनका पालन करें.

विमान

एफ सी सी नियम के अनुसार विमान में यात्रा करते समय फोन का उपयोग वर्जित है. विमान में चढ़ने से पहले अपना फोन बंद कर दें.

विस्फोट क्षेत्र

विस्फोट कार्यों में अवरोध टालने के लिए ''विस्फोट क्षेत्र'' में या जहाँ ''दोतरफा रेडियो बंद रखें'' की सूचना लगी हो, अपना फोन बंद रखें. सभी संकेतों और सूचनाओं का पालन करें.

संभावित विस्फोटक वातावरण

संभावित विस्फोटक क्षेत्र में होने पर अपना फोन बंद कर दें और सभी संकेतों और निर्देशों का पालन करें. ऐसे क्षेत्रों में चिंगारी उठने से भी विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है जिससे शारीरिक चोट लग सकती है या मौत भी हो सकती है.

संभावित विस्फोटक क्षेत्र अक्सर, लेकिन हमेशा नहीं, स्पष्ट रूप से चिह्नित होते हैं. संभावित क्षेत्रों में ये शामिल हो सकते हैं : ईंधन क्षेत्र (जैसे पेट्रोल पंप); बोट में डेक के नीचे; ईंधन या रसायन परिवहन या भंडारण गृह; तरल पेट्रोलियम गैस (जैसे प्रोपेन या ब्यूटेन) का उपयोग करने वाले वाहन; ऐसे क्षेत्र जहाँ हवा में रसायन या कण होते हैं (जैसे दाने, धूल या धातु के पाउडर) और ऐसे क्षेत्र जहाँ आपको सामान्यत: अपने वाहन का इंजन बंद करने की सलाह दी जाती है.

एयरबैग से सुसज्जित वाहनों के लिए

अधिक बल के कारण एयरबैग फूलता है. स्थापित या पोर्टेबल वायरलेस उपकरण सहित कोई भी वस्तु एयरबैग के ऊपर के क्षेत्र या एयरबैग लगे क्षेत्र में न रखें. यदि वाहन में वायरलेस उपकरण गलत ढंग से लगा हो और एयरबैग फूलता है, तो गंभीर चोट लग सकती है.

एफ डी ए ग्राहक अद्यतन

मोबाइल फोन के बारे में यू.एस. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर फॉर डिवाइसेस एंड रेडियोलॉजिकल हेल्प कंज्यूमर का अद्यतन.

1. **क्या वायरलेस फोन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है?**
   उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य यह नहीं बताते कि वायरलेस फोन से कोई स्वास्थ्य समस्या जुड़ी है. हालाँकि, इसका कोई प्रमाण भी नहीं है कि वायरलेस फोन बिलकुल सुरक्षित हैं. उपयोग के दौरान वायरलेस फोन माइक्रोवेव रेंज में निम्न रेडियो फ्रीक्वेंसी (आर एफ) ऊर्जा उत्सर्जित करता है. स्टैंडबाय मोड में भी वे बहुत कम आरएफ उत्सर्जित करते हैं. आर एफ का ऊँचा स्तर स्वास्थ्य को प्रभावित (कोशिकाओं को गर्म करके) कर सकता है, जबकि निम्न स्तर की आरएफ के संपर्क से कोई ज्ञात स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव नहीं हैं. निम्न स्तर की आर एफ के संपर्क के लिए हुए कई अध्ययनों में इसका कोई जैविक प्रभाव नहीं पाया गया. कुछ अध्ययन बताते हैं कि इसके कुछ जैविक प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन अन्य अनुसंधानों से इसकी पुष्टि नहीं हुई. कुछ मामलों में तो अन्य अनुसंधानकर्ताओं को वही परिणाम पुन: प्राप्त करने, या अनियमित परिणामों की वजह से कारण निर्धारित करने में कठिनाई आई.

2. **वायरलेस फोन की सुरक्षा के संबंध में एफ डी ए की क्या भूमिका है?**
   कानून के अंतर्गत, एफ डी ए वायरलेस फोन जैसे विकिरण पैदा करने

वाले उपभोक्ता उत्पादों की बिक्री से पहले सुरक्षा समीक्षा नहीं करता, जैसा कि यह नई दवाइयों या चिकित्सकीय उपकरणों के साथ करता है. फिर भी, यदि यह पाया जाता है कि वायरलेस फोन उपयोगकर्ता के लिए घातक स्तर की रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) उत्सर्जित करता है तो एजेंसी को कार्रवाई करने का अधिकार है. ऐसी स्थिति में एफ डी ए, स्वास्थ्य के लिए फोन के खतरों और उसकी मरम्मत, बदलने या वापस लेने की सूचना उपभोक्ताओं को देना वायरलेस फोन निर्माताओं के लिए अनिवार्य कर सकता है, ताकि खतरा समाप्त किया जा सके.

हालाँकि उपलब्ध वैज्ञानिक आँकड़ों के अनुसार एफ डी ए की ये नियामक कार्रवाइयाँ आवश्यक नहीं हैं, फिर भी एफ डी ए ने फोन उद्योग से कई उपाय अपनाने का आग्रह किया है, जिसमें निम्न भी शामिल हैं:

- वायरलेस फोन द्वारा उत्सर्जित आरएफ से संभावित जैविक प्रभावों के लिए अनुसंधान में सहायता देना.
- वायरलेस फोन को इस तरह डिज़ाइन करना, जिससे उपयोगकर्ता के लिए ऐसा आर एफ एक्सपोज़र न्यूनतम किया जा सके जो फोन के कार्य करने के लिए आवश्यक नहीं है; और
- वायरलेस फोन के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर हर संभव जानकारी वायरलेस फोन के उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराने में सहायता करना.

एफ डी ए, संघीय एजेंसियों के अंतर एजेंसी कार्यसमूह से संबद्ध है जो संघीय स्तर पर आर एफ सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सामंजस्यपूर्ण प्रयास सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है. इस कार्यसमूह में निम्न एजेंसियाँ हैं:

- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ
- एन्वायरनमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी
- ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन
- नेशनल टेलीकम्युनिकेशंस एंड इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ, कुछ अंतर एजेंसी कार्यसमूह की गतिविधियों में भी भाग लेती है. एफ डी ए फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफ सी सी) के साथ वायरलेस फोन के लिए नियामक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है. यह अनिवार्य है कि संयुक्त राज्य में बेचे जाने वाले सभी फोन आर एफ एक्सपोज़र को सीमित करने वाले एफ सी सी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें. एफ सी सी वायरलेस फोन संबंधी सुरक्षा के प्रश्नों के लिए एफ डी ए और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियों पर निर्भर है.

एफ सी सी उन आधार स्टेशनों का भी नियमन करती है जिन पर वायरलेस फोन नेटवर्क काम करते हैं. हालाँकि ये आधार स्टेशन वायरलेस फोन्स की तुलना में अधिक ऊर्जा पर कार्य करते हैं, लेकिन इनका आर एफ एक्सपोज़र आमतौर पर वायरलेस फोन की तुलना में हज़ारों गुना कम होता है. इसलिए आधार स्टेशन इस दस्तावेज़ की सुरक्षा संबंधी चर्चा का विषय नहीं है.

3. इस अद्यतन का विषय किस प्रकार के फोन हैं?

यहाँ पर ''वायरलेस फोन'' का अर्थ है बिल्ट-इन एंटीना युक्त हैंडहेल्ड वायरलेस फोन, जिन्हें आमतौर पर ''सेल', ''मोबाइल'', या ''पी सी एस'' फोन कहा जाता है. फोन और उपयोगकर्ता के सिर के बीच काफी कम अंतर होने के कारण इस प्रकार के वायरलेस फोन उपयोगकर्ता को रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) के संपर्क में ला सकते हैं.

ये आर एफ एक्सपोज़र फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन के सुरक्षा दिशानिर्देशों द्वारा सीमित किए गए हैं, जो एफ डी ए और अन्य संघीय स्वास्थ्य व सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर बनाए गए हैं. जब फोन उपयोगकर्ता से अधिक दूर होता है, तो आर एफ एक्सपोज़र अत्यंत कम होता है क्योंकि स्रोत से दूरी बढ़ने के साथ-साथ व्यक्ति का आर एफ एक्सपोज़र तेजी से कम होता जाता है. तथाकथित ''कॉर्डलेस फोन' जिनकी आधार इकाई घर में टेलीफोन वायरिंग से जुड़ी होती

है, वे अत्यंत कम ऊर्जा स्तरों पर चलते हैं जिससे उत्सर्जित आरएफ एक्सपोज़र एफ सी सी सुरक्षा सीमाओं से काफी कम होता है.

4. पिछले अनुसंधानों के क्या परिणाम हैं?

अब तक हुए अनुसंधानों के परिणाम विरोधाभासी हैं और कई अध्ययनों की अनुसंधान पद्धतियों में त्रुटियाँ रही हैं. पशुओं पर किए गए वायरलेस फोन के रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) एक्सपोज़र प्रभावों का अध्ययन करने वाले प्रयोगों के विरोधाभासी परिणाम आए हैं, जिन्हें अन्य प्रयोगशालाओं में दोहराया नहीं जा सकता. हालाँकि पशुओं पर किए गए कुछ प्रयोगों से संकेत मिला है कि कम स्तर का आर एफ एक्सपोज़र प्रयोगशाला के पशुओं में कैंसर को बढ़ा सकता है. हालाँकि, ऐसे कई अध्ययन जिनमें ट्यूमर का विकास तेज़ दिखाई दिया, ऐसे पशुओं पर किए गए थे जिन्हें जैव अभियांत्रिक या कैंसर पैदा करने वाले रसायनों से उपचारित किया गया था, जो कि आर एफ एक्सपोज़र की अनुपस्थिति में भी कैंसर का कारण हो सकता है. अन्य अध्ययनों में पशुओं को प्रतिदिन 22 घंटों तक आर एफ के संपर्क में रखा गया था. ये स्थितियाँ वैसी नहीं हैं जिनका सामना लोग वायरलेस फोन का उपयोग करते समय करते हैं, इसलिए निश्चित रूप से यह नहीं कहा सकता कि ऐसे अध्ययनों के परिणाम मानव स्वास्थ्य के लिए क्या अर्थ रखते हैं.

दिसंबर 2000 के बाद तीन बड़े इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन प्रकाशित हो चुके हैं. अध्ययनों ने वायरलेस फोन के उपयोग और प्रारंभिक मस्तिष्क कैंसर, ग्लायोमा, मेनिंजियोमा, या एकॉस्टिक न्यूरोमा, मस्तिष्क का ट्यूमर या सलाइवरी ग्लैंड, ल्यूकेमिया या अन्य कैंसर के बीच संभावित संबंधों की जाँच की. इनमें से किसी भी अध्ययन से वायरलेस फोन के आर एफ एक्सपोज़र से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के संकेत नहीं मिलते. हालाँकि, कोई भी अध्ययन दीर्घकालीन एक्सपोज़र संबंधी प्रश्नों के उत्तर नहीं दे

सकता, क्योंकि इन अध्ययनों में फोन के उपयोग की औसत अवधि करीब तीन वर्ष थी.

5. यह निर्धारित करने के लिए कि वायरलेस फोन के आर एफ एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिए खतरा है या नहीं, किस शोध की आवश्यकता है?

प्रयोगशाला अध्ययनों और वायरलेस फोन के उपयोगकर्ताओं के इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन को मिलाने पर आवश्यक जानकारी मिलेगी. आजीवन पशु एक्सपोज़र अध्ययन कुछ वर्षो में पूर्ण हो सकते हैं. हालाँकि, कैंसर की वृद्धि के विश्वसनीय प्रमाण, यदि है तो, देने के लिए बड़ी संख्या में पशुओं की आवश्यकता होगी. इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन ऐसा डेटा प्रदान कर सकते हैं जो सीधे मानव जाति पर लागू हों, लेकिन कैंसर जैसे कुछ स्वास्थ्य प्रभावों संबंधी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए 10 या अधिक वर्षो का फॉलो-अप आवश्यक होगा. ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर उत्पन्न करने वाले कारक के एक्सपोज़र और ट्यूमर के विकास - यदि ऐसा होता है तो - के बीच का समय कई, कई वर्ष हो सकता है. वायरलेस फोन के दैनिक उपयोग के दौरान वास्तविक आर एफ एक्सपोज़र मापने में होने वाली कठिनाइयों से इपिडमियोलॉजिकल अध्ययनों की व्याख्या प्रभावित हुई है. इस माप को कई कारक प्रभावित करते हैं जैसे फोन पकड़ने का कोण या उपयोग किए जा रहे फोन का मॉडल.

6. वायरलेस फोन आर एफ के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए एफ डी ए क्या कर रहा है?

रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) के एक्सपोज़र संबंधी महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए उच्च प्राथमिकता वाले पशु अध्ययन सुनिश्चित करने के लिए एफ डी ए द्वारा यू. एस. नेशनल टॉक्सिकोलॉजी प्रोग्राम और विश्व भर के जाँचकर्ताओं के समूहों के

साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है. 1996 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉमैग्नेटिक फील्ड्स (ई एम एफ) प्रोजेक्ट के आरंभ से ही एफ डी ए इसमें अग्रणी भागीदार रहा है. इस कार्य का प्रभावी परिणाम अनुसंधान आवश्यकताओं के लिए एक विस्तृत कार्यसूची का विकास रहा है जिसने विश्व भर में नए अनुसंधान कार्यक्रमों की स्थापना कराई. प्रोजेक्ट ने ई एम एफ मामलों पर सार्वजनिक जानकारी दस्तावेज़ों की एक श्रृंखला विकसित करने में भी मदद की है.

वायरलेस फोन सुरक्षा पर अध्ययन करने के लिए एफ डी ए और सेल्युलर टेलीकम्युनिकेशन एंड इंटरनेट एसोसिएशन (सी टी आई ए) के बीच एक औपचारिक कोऑपरेटिव रिसर्च एंड डेवलपमेंट एग्रीमेंट (सी आर ए डी ए) हुआ है. सरकार के विशेषज्ञों, उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों से जानकारी लेकर एफ डी ए वैज्ञानिक परिदृश्य प्रदान करती है. सी टी आई ए प्रायोजित अनुसंधान स्वतंत्र जाँचकर्ताओं से अनुबंध के माध्यम से चलाया गया है. प्रारंभिक अनुसंधान में प्रयोगशाला अध्ययन और वायरलेस फोन उपयोगकर्ताओं का अध्ययन शामिल होगा. विश्व भर में हुए नवीनतम अनुसंधान विकासों के संदर्भ में सी आर ए डी ए अतिरिक्त अनुसंधान आवश्यकताओं का व्यापक मूल्यांकन भी शामिल करेगा.

7. मुझे कैसे पता चलेगा कि अपने वायरलेस फोन के उपयोग से मुझे कितना रेडियो फ्रीक्वेंसी एक्सपोज़र मिल रहा है?

संयुक्त राज्य में बेचे गए सारे फोन्स को फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन (एफ सी सी) के दिशानिर्देशों का पालन करना आवश्यक है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) एक्सपोज़र को सीमित करते हैं. एफ सी सी ने यह दिशानिर्देश एफ डी ए और अन्य संघीय स्वास्थ्य व सुरक्षा एजेंसियों के परामर्श से स्थापित किए हैं. वायरलेस टेलीफोन से आर एफ एक्सपोज़र की एफ सी सी सीमा 1.6 वॉट प्रति किलोग्राम (1.6 वॉ/किग्रा) की स्पेसिफिक एब्ज़ॉर्पशन रेट (SAR)

पर तय की है. एफ सी सी सीमा इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग (आई ई ई ई) और नेशनल काउंसिल ऑन रेडिएशन प्रोटेक्शन एंड मेज़रमेंट द्वारा विकसित सुरक्षा मानकों के अनुरूप है. एक्सपोज़र सीमा ऊतकों से उस ऊष्मा निकालने की शारीरिक क्षमता जो वायरलेस फोन से अवशोषित की जाती है, के आधार पर निश्चित की जाती हैं और यह प्रभावित करने के स्तर से काफी नीचे सेट की जाती है. वायरलेस फोन निर्माताओं को फोन के हर मॉडल का आर एफ एक्सपोज़र स्तर एफ सी सी को बताना होता है. एफ सी सी की वेबसाइट (http://www.fcc.gov/oet/rfsafety) आपके फोन पर एफ सी सी पहचान क्रमांक ढूँढने का निर्देश देती है जिससे आप ऑनलाइन सूची में अपने फोन का आर एफ एक्सपोज़र स्तर देख सकें.

8. वायरलेस फोन्स से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा मापने के लिए एफ डी ए ने क्या किया है?

इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स (आई ई ई ई), ने एफ डी ए के वैज्ञानिकों की सहभागिता व अगुवाई में वायरलेस फोन और अन्य वायरलेस हैंडसेट्स से उत्सर्जित रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) मापने के लिए एक तकनीकी मानक विकसित किया है. यह जाँचता है कि वायरलेस फोन उपयोगकर्ताओं के सिरों में किस दर से आर एफ जमा हुई है. इस जाँच पद्धति में मानव सिर के एक ऊतक उत्प्रेरक मॉडल का उपयोग किया जाता है. मानकीकृत एस ए आर परीक्षण पद्धति से एक ही फोन पर भिन्न प्रयोगशालाओं में किए जाने वाले मापनों में काफी एकरूपता आने की अपेक्षा है. एस ए आर संपूर्ण शरीर या शरीर के छोटे अंग द्वारा ऊतक में अवशोषित ऊर्जा की मात्रा का मापन है. इसे पदार्थ के वॉट/किग्रा. (या मिलिवॉट/ग्रा) में मापा जाता है. इस माप का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि कोई वायरलेस फोन सुरक्षा दिशानिर्देशों के अनुरूप है या नहीं.

9. अपने वायरलेस फोन से रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा का एक्सपोज़र घटाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ?

यदि इन उत्पादों से कोई खतरा है भी - और इस समय हम नहीं जानते कि कोई खतरा है भी या नहीं - तो संभवत: ये बहुत कम है. लेकिन यदि आप संभावित खतरों से बचने के प्रति चिंतित हैं तो आप रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) का प्रभाव न्यूनतम करने के लिए कुछ आसान कदम उठा सकते हैं. चूँकि व्यक्ति को कितना एक्सपोज़र मिलता है, इसका सबसे मुख्य कारक समय है, इसलिए वायरलेस फोन के उपयोग की अवधि घटाकर आर एफ एक्सपोज़र घटाया जा सकता है.

- यदि आप प्रतिदिन वायरलेस फोन से लंबी बात करते हैं तो आप शरीर और आरएफ स्रोत के बीच ज़्यादा दूरी रख सकते हैं, क्योंकि दूरी बढ़ने के साथ एक्सपोज़र का स्तर नाटकीय रूप से गिरता है. उदाहरण के लिए आप एक हेड सेट का उपयोग करके वायरलेस फोन को शरीर से दूर रख सकते हैं या रिमोट एंटीना से जुड़े वायरलेस फोन का उपयोग कर सकते हैं.

पुन:, वैज्ञानिक डेटा यह नहीं दर्शाते कि वायरलेस फोन हानिकारक हैं. लेकिन यदि आप इन उत्पादों के आर एफ एक्सपोज़र से चिंतित हैं तो आप उपरोक्त उपाय अपनाकर वायरलेस फोन का आरएफ एक्सपोज़र घटा सकते हैं.

10. वायरलेस फोन का उपयोग करने वाले बच्चों पर क्या प्रभाव होगा?

वैज्ञानिक प्रमाण वायरलेस फोन के उपयोगकर्ताओं के लिए कोई खतरा नहीं बताते, इसमें बच्चे और किशोर भी शामिल हैं. यदि आप रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) एक्सपोज़र घटाने के लिए कदम उठाना चाहते हैं तो उपरोक्त उपाय वायरलेस फोन का उपयोग करने वाले बच्चे व किशोर भी अपना सकते हैं. वायरलेस फोन के उपयोग का समय कम करके और उपयोगकर्ता व आर एफ स्रोत के बीच की

दूरी बढ़ाकर एक्सपोज़र घटाया जा सकता है.

अन्य राष्ट्रीय सरकारों द्वारा प्रायोजित कुछ समूहों ने सलाह दी है कि बच्चों को वायरलेस फोन के उपयोग से रोकना चाहिए. उदाहरण के लिए, युनाइटेड किंगडम सरकार ने दिसंबर 2000 में एक ऐसा ही पत्रक बाँटा था. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि वायरलेस फोन के उपयोग से ब्रेन ट्यूमर या अन्य बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं. बच्चों के लिए वायरलेस का उपयोग सीमित करना सिर्फ सावधानी के रूप में उठाया गया कदम था; यह किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं था जिसमें स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने की बात हो.

11. वायरलेस फोन चिकित्सकीय उपकरणों में क्या हस्तक्षेप करता है?

वायरलेस फोन की रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आर एफ) कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से प्रतिक्रिया कर सकती है. इसी कारण से एफ डी ए ने पेसमेकर्स और डिफिब्रिलेटर्स के कार्य में वायरलेस फोन से पड़ने वाला इलेक्ट्रोमैग्नेटिक अवरोध (ई एम आई) मापने के लिए एक विस्तृत जाँच पद्धति विकसित की है. यह जाँच पद्धति अब एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ मेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन (ए ए एम आई) द्वारा प्रायोजित मानक का एक भाग है. एफ डी ए, चिकित्सकीय उपकरण निर्माताओं और कई अन्य समूहों के संयुक्त प्रयासों से बना अंतिम ड्रॉफ्ट 2000 के अंत तक पूर्ण हुआ था. इस मानक की बदौलत उत्पादक ये सुनिश्चित करेंगे कि पेसमेकर और डिफिब्रिलेटर्स वायरलेस फोन ई एम आई से सुरक्षित हैं.

एफ डी ए ने हैंडहेल्ड वायरलेस फोन से श्रवण यंत्रों में पड़ने वाले अवरोध की भी जाँच की है और इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स (आई ई ई ई) द्वारा प्रायोजित स्वैच्छिक मानक विकसित करने में मदद की. यह मानक श्रवण यंत्र और वायरलेस फोन के लिए परीक्षण विधियाँ और कार्यक्षमता आवश्यकताएँ बताते हैं ताकि जब व्यक्ति एक साथ ''संगत'' फोन और ''संगत'' श्रवण यंत्र उपयोग करे तो कोई अवरोध न आए. यह

मानक 2000 में आई ई ई ई द्वारा स्वीकृत किया गया था.

वायरलेस फोन से अन्य चिकित्सकीय उपकरणों पर पड़ने वाले प्रभावों पर एफ डी ए लगातार निगरानी रख रहा है. यदि हानिकारक अवरोध उत्पन्न होता है तो एफ डी ए अवरोध का आकलन करने हेतु जाँच करेगा और समस्या के समाधान का प्रयास करेगा.

12. मुझे अतिरिक्त जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया निम्न स्रोत देखें :

- वायरलेस फोन पर एफ डी ए का वेब पेज (http://www.fda.gov/cellphones
- फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन (एफ सी सी) आर एफ सुरक्षा कार्यक्रम (http://www.fcc.gov/oet/rfsafety)
- इंटरनेशनल कमीशन ऑन नॉन-आयनाइज़िंग रेडिएशन प्रोटेक्शन (http://www.icnirp.de)
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) अंतर्राष्ट्रीय ई एम एफ प्रोजेक्ट (http://www.who.int/emf)
- नेशनल रेडियोलॉजिकल प्रोटेक्शन बोर्ड (यू के) (http://www.nrpb.org.uk/)

एस ए आर पर उपभोक्ता जानकारी (स्पेसिफिक एब्ज़ॉर्पशन रेट)

यह मॉडल फोन, रेडियो तरंगों के एक्सपोज़र के लिए सरकार की आवश्यकताओं को पूरा करता है.

आपका वायरलेस फोन एक रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर है. इसकी रचना व निर्माण इस प्रकार से हुआ है कि यू एस सरकार के फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन द्वारा निर्धारित रेडियो फ्रीक्वेंसी एक्सपोज़र की सीमा का उल्लंघन न हो.

ये सीमाएँ व्यापक दिशानिर्देशों का ही एक हिस्सा हैं और सामान्य व्यक्ति के लिए आर एफ ऊर्जा का स्वीकृत स्तर निर्धारित करती हैं. दिशानिर्देश उन मानकों पर आधारित हैं जिन्हें स्वतंत्र वैज्ञानिक संस्थानों ने वैज्ञानिक अध्ययनों के समय-समय पर किए गए समग्र मूल्यांकन से विकसित किया है. मानकों में एक पर्याप्त अंतर शामिल है जिसकी रचना उम्र और स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बगैर हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हुई है.

वायरलेस मोबाइल फोन के लिए एक्सपोज़र मानक माप की एक इकाई देता है जिसे स्पेसिफिक एब्ज़ॉर्पशन रेट, या एस ए आर कहते हैं. एफ सी सी द्वारा एस ए आर सीमा 1.6 वॉ/किग्रा तय की गई है.* एस ए आर के लिए परीक्षण एफ सी सी द्वारा निर्धारित मानक संचालन स्थितियों में होता है जहाँ फोन सभी जाँचे गए आवृत्ति बैंड्स में अपने उच्चतम प्रमाणित पावर स्तर पर कार्य करता है. यद्यपि एस ए आर का निर्धारण उच्चतम प्रमाणित पावर स्तर पर होता है, लेकिन संचालन के दौरान वास्तविक एस ए आर स्तर उच्चतम मान से काफी नीचे हो सकता है. चूँकि फोन एकाधिक पावर स्तरों पर संचालन के लिए बनाया गया है ताकि वह उतनी ही पावर का उपयोग करे जो नेटवर्क तक पहुँचने के लिए आवश्यक है, इसलिए सामान्यत: आप वायरलेस आधार स्टेशन एंटीना के जितने करीब होंगे, पावर की खपत उतनी कम होगी.

किसी फोन को सार्वजनिक बिक्री के लिए उपलब्ध कराने से पहले, इसे एफ सी सी की इस जाँच में खरा उतरना और प्रमाणित होना आवश्यक होता है कि ये सरकार द्वारा सुरक्षित एक्सपोज़र के लिए अपनाई गई सीमा को पार नहीं करता. यह जाँच हर मॉडल के लिए एफ सी सी की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न स्थितियों और स्थानों (उदा. कान पर और शरीर पर धारण

करने की स्थिति) पर किए जाते हैं. इस फोन के लिए उच्चतम एस ए आर मान कान के लिए जाँचने पर 0.591 वॉ/किग्रा और शरीर पर धारण करने के लिए, जैसा इस उपभोक्ता मार्गदर्शिका में बताया गया है, 0.620 वॉ/किग्रा है. (शरीर पर धारण करने के माप फोन मॉडल के आधार पर बदलते रहते हैं, जो उपलब्ध उपकरणों और एफ सी सी आवश्यकताओं पर आधारित होते हैं). विभिन्न फोन्स के एस ए आर स्तरों और विभिन्न स्थितियों के बीच अंतर हो सकता है, लेकिन वे सभी सुरक्षित एक्सपोज़र के लिए सरकार की आवश्यकताएँ पूरा करते है.

एफ सी सी ने इस फोन को एफ सी सी आर एफ उत्सर्जन दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी एस ए आर स्तरों पर मूल्यांकित करते हुए उपकरण प्रमाणन दिया है. इस फोन की एस ए आर जानकारी एफ सी सी के पास है और इसे एफ सी सी आई डी BEJRD5130 पर खोजने के बाद http://www.fcc.gov/oet/fccid के डिस्प्ले ग्रांट अनुभाग में देखा जा सकता है.

स्पेसिफिक एब्ज़ॉर्पशन रेट्स (एस ए आर) पर अतिरिक्त जानकारी सेल्युलर टेलीकम्युनिकेशन्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (सी टी आई ए) की वेबसाइट http://www.wow-com.com पर देखी जा सकती है.

- संयुक्त राज्य और कनाडा में जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन्स के लिए एस ए आर सीमा औसतन एक ग्राम ऊतक पर 1.6 वॉट्स/किग्रा (वॉ/किग्रा) है. जनता को अतिरिक्त सुरक्षा देने और मापन की संभाव्य त्रुटि को ध्यान में रखते हुए मानक में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है.

आप इस नंबर पर हमारे संपर्क केंद्र को कॉल कर सकते हैं.

आप सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 से रात 9 के बीच कॉल कर सकते हैं. आपके कॉल का तुरंत उत्तर दिया जाएगा.